


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे




**नई सोच नई पहल**

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 146 | ग्वालियर,5 फरवरी सोमवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## असम में बोले प्रधानमंत्री - मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी शनिवार को गुवाहाटी में 11,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुझे एक बार फिर असम के विकास से जुड़ी योजनाएं आपको सौंपने का सौभाग्य मिला है. थोड़ी देर पहले यहां 11,000 की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है. ये सारी योजनाएं पूर्वोत्तर के साथ ही दक्षिण एशिया के दूसरे देशों के साथ इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगे...÷

पीएम मोदी ने आगे कहा कि बीते कुछ दिनों में मुझे देश के अनेक तीर्थों की यात्रा करने का अवसर मिला है. अयोध्या में भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं. आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्य लोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. उन्होंने कहा कि असम में आस्था, अध्यात्म और इतिहास से जुड़े सभी स्थानों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है. विरासत को संजोने के इस अभियान के साथ ही विकास का



अभियान भी तेजी से चल रहा है. बीते 10 वर्षों को देखें तो हमने देश में रिकॉर्ड संख्या में कॉलेज, युनिवर्सिटी बनाए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप भी जानते हैं कि 10 साल पहले असम समेत पूरे पूर्वोत्तर में क्या स्थिति थी. पूरे पूर्वोत्तर में रेल यात्रा और हवाई यात्रा बहुत ही सीमित थी... एक राज्य से दूसरे राज्य में आना-जाना तो छोड़िए, एक जिले से दूसरे जिले में आने-जाने में भी कई घंटे लग जाते थे. इन सारी परिस्थितियों को आज भाजपा की डबल इंजन सरकार ने, की सरकार ने बदला है. पीएम मोदी ने कहा कि हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारे आस्था के स्थान सिर्फ दर्शन करने के स्थल नहीं है, ये हज़ारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की निशानियां हैं... दुर्भाग्य से आजादी के बाद जिन्होंने लंबे समय तक देश में सरकारें चलाई वे भी आस्था के इन पवित्र स्थानों का महत्व समझ नहीं पाए. उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए अपनी ही संस्कृति, अतीत पर शर्मिंदा होने का एक ट्रेंड बना दिया था. कोई भी देश अपने अतीत को ऐसे भूलकर, अपनी जड़ो को काटकर विकसित नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि इस बजट में एक बहुत बड़ी योजना की घोषणा हुई है. बीते 10 वर्षों तक हमने हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया, अब हम बिजली का बिल जीरो करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं. बजट में सरकार ने रूफटॉप सोलर की योजना का ऐलान किया है.

## स्पाइसजेट फ्लाइट में महिला के साथ छेड़छाड़, यात्री ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली** ।स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. एयरलाइन द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि, कोलकाता से बागडोगरा जा रही फ्लाइट में एक सह-यात्री ने महिला के साथ अनुचित व्यवहार किया था. इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि, शिकायत मिलने के बाद केबिन क्रू ने पुरुष यात्री की सीट बदल दी. हालांकि आरोपी सहयात्री का कहना है कि, उसने ऐसी कोई हरकत नहीं की है. वहीं फिलहाल मामले में अतिरिक्त जांच जारी है.मामले में अबतक मिली जानकारी के अनुसार, 31 जनवरी को, जब स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 592 कोलकाता से बागडोगरा जा रही थी, एक महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ की ये घटना घटी. पीड़ति महिला यात्री ने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया. केबिन क्रू ने स्थिति को संभालने के लिए तुरंत हस्तक्षेप किया.

**लिखित दर्ज नहीं कराइ**-फ्लाइट लैंड करने के फौरन बाद दोनों यात्रियों को एयरलाइन के सुरक्षा



कर्मचारियों द्वारा सीआईएसएफ अधिकारियों के पास ले जाया गया. महिला ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुरुष द्वारा माफी मांगने के बाद उसने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई.

स्पाइसजेट ने अपने बयान में कहा कि, पूरी घटना के दौरान, उनके केबिन क्रू ने सक्रिय रूप से महिला यात्री की सहायता की और उसकी आराम और सुरक्षा सुनिश्चित किया. **अभद्र व्यवहार की कई घटनाएं सामने आइ**-गौरतलब है कि, बीते कुछ महीनों में उड़ान के दौरान यात्रियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने की ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं. सबसे पहले सामने आए मामलों में से एक 26 नवंबर, 2022 को शंकर मिश्रा का था, जहां उन्होंने न्यूयॉर्क-दिल्ली एयर इंडिया की उड़ान में एक बुजुर्ग महिला पर नशे की हालत में कथित तौर पर पेशाब कर दिया था.

## सोरेन परिवार से सबसे पहले शिबू सोरेन राजनीति में आए. शिबू सोरेन को झारखंड की राजनीति में दिशोम गुरु या गुरु जी भी कहते हैं.

सोरेन ने राजनीतिक करियर की शुरूआत महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन करके की थी. उन्होंने जल, जंगल और जमीन का नारा दिया था, जो आदिवासियों का मूल स्लोगन है.साल 1975 में शिबू सोरेन पर हत्या का मुकदमा दाखिल किया गया था. इस वजह से सोरेन कई महीनों तक अंडरग्राउंड भी रहे.साल 1977 में शिबू सोरेन पहली बार लोकसभा चुनाव में उतरे, लेकिन उन्हें हार मिली. 1980 के चुनाव में सोरेन दुमका सीट से मैदान में उतरे और जीत हासिल कर संसद पहुंच गए. सोरेन इसके बाद झारखंड आंदोलन से जुड़ गए.2000 में जब झारखंड अलग हुआ तो उसमें शिबू सोरेन की भूमिका सबसे अहम थी. 2004 में शिबू सोरेन पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने, लेकिन बहुमत नहीं होने की वजह से जल्द ही उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी.शिबू सोरेन झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री रह चुके हैं. सोरेन परिवार के वर्तमान में 4 सदस्य सक्रिय राजनीति में हैं. शिबू के बेटे हेमंत झारखंड के दो बार मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य रहे हैं.शिबू के छोटे बेटे बसंत और बड़ी बहु सीता अभी विधायक हैं. शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुखिया हैं, जो वर्तमान में झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है. झामुमो का प्रभाव बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार के आदिवासी सीटों पर भी है.सबसे बड़ा सवाल यही है कि हेमंत की गिरफ्तारी से अगर आदिवासी नाराज हुए तो इसका कितना असर आने वाले लोकसभा और झारखंड के विधानसभा चुनाव में होगा?जनसंख्या के हिसाब से देखा जाए तो देश में आदिवासियों की कुल संख्या 10 करोड़ के लगभग में है. इसी आबादी को देखते हुए आदिवासियों के लिए लोकसभा में 47 सीटें आरक्षित की गई हैं. लोकसभा की कुल सीटों का यह करीब 9 प्रतिशत है.से ज्यादा 6, ओडिशा-झारखंड में 5-5, छत्तीसगढ़-गुजरात और महाराष्ट्र में 4-4, राजस्थान में 3, कर्नाटक-आंध्र और मेघालय में 2-2, जबकि त्रिपुरा में लोकसभा की एक सीट आरक्षित है.आरक्षित सीटों के अलावा लोकसभा की करीब 15 सीटें ऐसी हैं, जहां पर आदिवासी समुदाय की आबादी 10-20 प्रतिशत के आसपास है. यानी इन सीटों पर संसद चुनने में भी आदिवासियों की अहम भूमिका है.



## ममता का कांग्रेस पर हमला, कहा- 300 सीटों पर लड़कर क्या 40 सीटें भी ला पाएंगी?



**नई दिल्ली**-इंडिया एलायंस में फूट देखी जा रही है. पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है. ममता बनर्जी का कहना है कि देश में 300 से ज्यादा सीटें लड़कर कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिल पाएंगी. मुझे यह पता चला है कि बंगाल में कांग्रेस आ गई है. उन्होंने मुझे कभी इस बात की सूचना नहीं दी है. उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इलाहाबाद, राजस्थान, मध्य प्रदेश की यात्रा करें. ममता ने कहा, उन्होंने कांग्रेस को 300 सीटों पर लड़ने को कहा था, मगर उन्होंने एक नहीं सुनी. अब वे राज्य में सबसे पहले मुस्लिम वोटरों में हलचल मचाने आए हैं. ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि अगर वे 300 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तो 40 सीटें भी जीत पाएंगे या नहीं. मैं उन्हें बंगाल में दो सीटें दे रही थी और उन्हें जिता भी देती. मगर वे और अधिक चाहते थे. मैंने कहा, ठीक है तो फिर सभी 42 पर चुनाव लड़ो. तो इसे अस्वीकार कर दिया! इसके बाद से उन्होंने कोई बातचीत नहीं की है.ममता ने कहा कि वे बंगाल में कार्यक्रम करने आए हैं, लेकिन इंडिया अलायंस के सदस्य के तौर पर उन्हें इसकी सूचना तक नहीं दी. मुझे प्रशासनिक सूत्रों इस बात की जानकारी मिली कि उन्होंने डेरेक को फोन करके अनुरोध किया कि रैली को गुजरने की इजाजत दी जाए. इसके बाद फिर बंगाल क्यों आएं? हिम्मत है तो यूपी, बनारस, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भाजपा को हराकर दिखाएं.

## सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई पर ही मिले अपराधियों को जमानत, विधि आयोग की सरकार से सिफारिश

विधि आयोग ने शुक्रवार को सरकार से उन मौजूदा कानूनों में संशोधन सिफारिश की. ऐसा करने का मकसद राष्टीय राजमार्गों या सार्वजनिक स्थानों पर बार-बार होने वाली नाकेबंदी को रोकना और ऐसे कृत्यों के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति या संगठन पर सार्वजनिक या निजी संपत्तियों को हुए नुकसान के बाजार मूल्य के बराबर भारी जुर्माना लगाया जाना है.विधि आयोग ने कहा कि अपराधियों को जमानत पाने की शर्त के तौर पर उनकी ओर से नुकसान पहुंचाई गई सार्वजनिक संपत्ति का अनुमानित मूल्य जमा करना पड़े तो यह ऐसे कृत्यों के खिलाफ निवारक के रूप में काम करेगा.



**लॉ पैनल की सरकार से सिफारिश**-टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, विधि आयोग ने कहा, जुर्माने का मतलब होगा और इसमें वह राशि शामिल होगी जो नुकसान पहुंचाई गई सार्वजनिक संपत्ति के बाजार मूल्य के बराबर होगी या जहां क्षतिग्रस्त संपत्ति का मूल्य रुपये के रूप में आंका जाने में सक्षम नहीं है, ऐसी राशि को अदालत मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तय कर सकती है.आयोग ने कहा कि केरल निजी संपत्ति को नुकसान की रोकथाम और मुआवजा भुगतान अधिनियम की तरह सरकार इस उद्देश्य के लिए एक अलग कानून ला सकती है. विधि आयोग ने सिफारिश में कहा कि लंबे वक्त तक सार्वजनिक जगहों को अवरुद्ध करने से निपटने के लिए एक नया व्यापक कानून बनाया जाए या संशोधन के जरिए भारतीय दंड संहिता या भारतीय न्याय संहिता में संबंधित विशेष प्रावधान जोड़ा जाए.

## केजरीवाल के बाद अब आतिशी के घर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम

आम आदमी पार्टी विधायकों के खरीद-फरोख्त के प्रयास मामले में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम अरविंद केजरीवाल के बाद अब मंत्री आतिशी के घर पहुंची है. क्राइम ब्रांच की टीम आतिशी के घर भी नोटिस देने पहुंची है, लेकिन मंत्री अपने घर पर मौजूद नहीं मिली हैं. दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम इससे पहले भी मंत्री आतिशी के घर पहुंची थी, लेकिन वो उस समय चंढीगढ़ में थीं. आपको बता दें कि सीएम अरविंद केजरीवाल व उनकी सरकार में मंत्री आतिशी ने दावा किया था कि उनकी पार्टी के विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए का ऑफर दिया जा रहा है. इस संबंध में आप के 7 विधायकों से संपर्क भी साध लिया गया था.इससे पहले दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने मुख्यमंत्री कार्यालय को नोटिस जारी किया था. दिल्ली पुलिस विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयास से जुड़े आरोपों को लेकर तीन सवाल किए थे, जिसमें उसने आरोपों के सबूत, सात विधायकों के नाम और जांच के लिए मौजूदा सबूतों की मांग की थी. आपको



बता दें कि पिछले दिनों सीएम अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि उनकी पार्टी के विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. इस क्रम में उनके सात विधायकों से संपर्क भी साधा गया है और प्रत्येक को 25 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया है. सीएम केजरीवाल का आरोप था कि उनको कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार कर उनकी सरकार को गिरा दिया जाएगा.दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली इकाई ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से इस मामले की शिकायत की थी और अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार में मंत्री आतिशी के आरोपी की जांच कराने की मांग की थी. पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल को भी नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे लेने से इनकार कर दिया गया. भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने बुने जाल में फंस गए हैं वर्ना आप सोच के देखिए कि अरविंद केजरीवाल ने बयान दिया हो कि मेरे पास सबूत है... लेकिन जब क्राइम ब्रांच घर जाए तो वे( अरविंद केजरीवाल) अपना ही घर छोड़कर भाग जाएं। इससे पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल जो कल तक लोगों को फंसाने के लिए घूमते थे खुद ही फंस गए.दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 5 समन अरविंद केजरीवाल को जा चुके हैं और संवैधानिक पद पर बैठे होने के बावजूद भी वे इससे बच रहे हैं.

## इंडिया ममता बनर्जी के एकला चलो पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश बोले- 42 सीटों पर लड़ना सीट शेयरिंग का फॉर्मूला नहीं




लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन में अभी तक सीट शेयरिंग पर बात नहीं बनी है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले की कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी राज्य की 42 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी. इसे लेकर अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सीट शेयरिंग को लेकर ईमानदारी से टीएमसी के साथ बैठकर बातचीत करेगी और जब तय होगा उस समय घोषणा कर दी जाएगी.उन्होंने कहा, ÷पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में वो 42 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, ये उनकी लड़ाई है. जब हम गठबंधन में होते हैं तो बातचीत होती है, हम कुछ लेते हैं और कुछ देते हैं. हमारी ओर से उनका 42 सीटों पर लड़ना कोई सीट शेयरिंग फॉर्मूला नहीं है.÷

**इंडिया शाइनिंग, इंडिया गोइंग हो गया**-उन्होंने कहा, ÷2003 के दिसंबर में कांग्रेस पार्टी का मनोबल बहुत गिर गया था. हम छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान हारे तो अखबारों ने लिखा कांग्रेस पार्टी गई. उस समय इंडिया शाइनिंग था और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे व्यक्ति प्रधानमंत्री थे. फिर साल 2004 में क्या हुआ, किस गठबंधन की सरकार बनी. इंडिया शाइनिंग इंडिया गोइंग हो गया. इसका मतलब है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है.÷

**हम हर सीट पर मजबूती से लड़ेंगे**-भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर जयराम रमेश ने कहा कि यह एक वैचारिक यात्रा है राजनीतिक यात्रा नहीं है. उन्होंने कहा, ÷हमें चुनाव के लिए जो तैयारी करनी है वो किया जा रहा है. हम हर सीट पर मजबूती से लड़ेंगे. जहां हम अपने बल पर लड़ रहे हैं वहां अपने बल पर लड़ेंगे और जहां गठबंधन के हिस्से में लड़ रहे हैं वहां गठबंधन को मजबूत करेंगे. 2024 के चुनाव का नतीजा सुनिश्चित नहीं है.उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन की पार्टी को इलेक्शन कमीशन अपॉइंटमेंट नहीं दे रहे. हमारा लोकतांत्रित हक बनता है कि हम इलेक्शन कमीशन के पास जाएं और इवीएम के बारे में हमारी जो भी आशंकाएं हैं

## दिन निकलते ही व्यापारियों को बड़ा झटका, 14 रुपये महंगा हुआ LPG सिलेंडर

**नई दिल्ली**।वैसे तो हर माह सिलेंडर के दाम रिवाइज किये जाते हैं. लेकिन 1 फरवरी का दिन इसलिए भी खास हो जाता है क्योंकि देश का अंतरिम बजट आज पेश किया जाता है. आपको बता दें कि दिन निकलते ही व्यापारियों के जेब ढीली करने वाली खबर सामने आई है. आपको बता दें कि ऑयल मार्केटिंग कंपनीज ने व्यापारिक दृष्टि से यूज होने वाले सिलेंडर के दामों में इजाफा कर दिया है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 1 फरवरी को 19 किग्री वाले सिलेंडर के दाम 14 रुपए प्रति सिलेंडर तक बढ़ा दिये गय हैं. जिससे व्यापारियों को दिन निकलते ही निराशा हाथ लगी है..

**अब इतनी हुई दिल्ली में कीमत**-जानकारी के मुताबिक, स्क्ल सिलेंडर के दाम में 14 रुपये की वृद्धि हुई है. बढ़ोतरी के बाद 19 किग्रा वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,755.5 रुपये से 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है. हालांकि घरेलू



एलपीजी सिलेंडर की कीमतों मे कोई बदलाव नहीं किया गया है. पहले की तरह ये सिलेंडर उसी रेट पर मिलता रहेगा..हालांकि अभी देश का अंतरिम बजट पेश होने में अभी टाइम है. लगभग 11 बजे वित्त मंत्री निरमला सीतारमण देश का अंतरिम बजट पेश करेंगी. जिसके बाद देश के सामने पूरी पिक्चर क्लियर हो पाएगी.

**इन पर पड़ेगा कीमतों का असर**-कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से भी आमजन को काफी परेशानी भुगतनी होगी. होटल रेस्त्रां में खाना महंगा हो जाएगा. यानि रेस्टोरेंट में अब पहले से ज्यादा बिल चुकाना पड़ेगा. हालांकि असर सिर्फ होटल रेस्त्रां से जुड़े लोगों पर ही पड़ने वाला है. घर का खाना-खाने वालों पर कोई असर इसका नहीं होगा. आपको बता दें कि पिछले तीन माह में कई बार कॉमर्शियल सिलेंडर के दामों में इजाफा किया गया है. करीब 6 माह पहल कॉमर्शियल सिलेंडर पूरे 120 रुपए सस्ता किया गया था. उसके बाद लगातार कीमतों में इजाफा हो रहा है.

# मां केला देवी मेटल्स कंपनी में मशीन पर काम करते डाई सीने से टकराने श्रमिक की मौत

**मालनपुर**/औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित कारखनों में सुरक्षा चूक के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं लेकिन जिम्मेदार महकमों में बैठे अधिकारी कारखानों में श्रमिक सुरक्षा नियम लागू कराने में नाकाम साबित हो रहे हैं कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार श्रमिकों से बगैर सुरक्षा उपकरणों के काम करते हैं जिस कारण आए दिन हादसे होते हैं ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में संचालित मां केला देवी मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का आया हे कम्पनी में शुक्रवार को सुरक्षा चूक के कारण एक श्रमिक एक की मौत हो गई द्य जानकारी के अनुसार श्रमिक हेमराज आर्य पुत्र डरूदास उम्र 48 वर्ष निवासी बिरला नगर हजीरा ग्वालियर द्य जो कंपनी में मशीन को ठीक कर रहा था तभी मशीन की डाई की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई कंपनी प्रबंधन द्वारा उसे रात में ही अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया सूचना मिलते ही मालनपुर थाना प्रभारी विश्वदीप सिंह परिहार मौके पर पहुंचे कर घटनास्थल पर तथ्य ईखट्टे किए और जानकारी देते हुए बताया है कि मजदूर मसीन पर काम कर रहा था उसी समय अचानक मशीन का पुर्जा निकल कर उसके सीने में टकराया जिससे उसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई पूरे मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी पाया जाएगा उसे पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी खबर मिलते ही एस डी एम पराग जैन, एस डी ओ पी सौरव कुमार, नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, एवं राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिकरवार भी घटनास्थल पर पहुंचे है लेकिन घटना के इतने समय बाद भी औद्योगिक स्वास्थ्य एवं श्रम महकमा अनभिज्ञ बना हुआ है सूत्रों से पता चला है कि कारखाने में श्रमिकों का ई एस आई व पी एफ भी नहीं काटा जाता है

**इनका कहना है –**

सूचना मिलने पर मै तत्काल बल लेकर मौ? पर पहुँचा, सी टी टी वी कैमरे के फुटेज लिए हैं छानबीन कर जाँच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

**–विश्वदीप सिंह परिहार थाना प्रभारी मालनपुर -**

# देशवासियों का दिल जीतने वाला बजट : शोभाराम चोयल



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।**सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट वडेर के पूर्व अध्यक्ष शोभाराम चोयल ने बजट प्रतिक्रिया में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट किसानों, मेहनतकश और मध्यम वर्ग के नौकरी करने वालों लोगों की हितों की रक्षा, देश सहित महाराष्ट्र के विकास को बढ़ावा देने वाला है। साथ ही विकसित भारत की नींव रखकर देशवासियों का मन जीतने वाला है। बजट में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कॉर्पस फंड उपलब्ध कराया जाएगा।

# केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से की मांगीलाल चौधरी ने मुलाकात




**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**पाली ।** पाली लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुनाव तैयारी कर रहे युवा भाजपा नेता मांगीलाल चौधरी बिजोवा ने केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से आत्मीय मुलाकात की । ठाकुर मांगीलाल चौधरी से गर्मजोशी से मिले एवं आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर पाली लोकसभा की भौगोलिक एवं राजनैतिक स्थिति को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की । मांगीलाल चौधरी ने श्री अनुराग ठाकुर को पाली लोकसभा क्षेत्र में खेलों से संबंधित अनेक समस्याओं एवं मुद्दों को लेकर अवगत कराया तथा केंद्रीय मंत्री ने उचित समाधान का भरोसा दिलाया तथा युवाओं की हर वाजिब मांग को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

# धोखाधड़ी :गैस एजेंसी के खाते से 15 लाख रुपये की चपत

**संतोष सिंह भदौरिया संवाददाता।**



**भिंड ।** शहर में अटेर रोड स्थित प्रेम भारत गैस एजेंसी के खाते से बिना किसी जानकारी से 15 लाख की धोखाधड़ी हुई है। इस धोखाधड़ी पर गैस एजेंसी मालिक राहुल कटारे ने बताया कि मैं प्रेम भारत नाम से गैस एजेंसी संचालित कर रहा हूं। मेरी एजेंसी का ओडी बैंक खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा भिंड में है।दिनांक 2.2.24 को जब गैस एजेंसी पर कार्यरत मैनेजर सुनील शर्मा बैंक में रुपए जमा करने गए और खाते का स्टेटमेंट लिया तब ज्ञात हुआ कि दिनांक 2.2.24 को ही रुपए 5 लाख,2लाख 4 बार एवं 1 लाख 2 बार इस प्रकार 7 बार में 15 लाख रुपए का किसी अन्य को ट्रांसफर हो गए है। मेरे द्वारा बैंक खाते की कैसी भी प्रकार की न कोई इंटरनेट बैंकिंग ली गई है , न कोई वेलकम किट, यूजर नाम इत्यादि मुझे बैंक द्वारा दिया गया है, न ही बैंकिंग सेवा चालू करने की लिखित या केवाईसी ब्रांच दी गई हो। जब मेरे एजेंसी मैनेजर सुनील शर्मा द्वारा ब्रांच मैनेजर से बात की गई तो ब्रांच मैनेजर के द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जबकि हमारे द्वारा न तो कोई चेक ,आरटीजीएस या अन्य किसी माध्यम से कोई ट्रांजैक्शन नहीं किया गया। गैस एजेंसी संचालक राहुल कटारे ने बताया कि इस धोखाधड़ी की जांच कर मुझे मेरे पैसे वापस दिलाते हुए निकालने वालों और उसमे जो भी सम्मिलित है, उन पर कठोर कार्रवाई के लिए आवेदन साइबर क्राइम भोपाल में दे दिया है।

# वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**महेंद्र शर्मा संपादक पुष्पांजलि टुडे**

मुरैना पोरसा ग्राम सेंथरा अहीर में आज विद्यालय जय श्री सिद्ध ज्ञान मंदिर सेंथरा अहीर पोरसा मुरैना मध्य प्रदेश में वार्षिक स्नेह सम्ममेल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,कार्यक्रम की अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह तोमर (संरपंच सेंथरा अहीर) विशिष्टअतिथि डा0 श्री मानू प्रताप सिंह तोमर उपस्थित हुए। मंच का संचालन श्री देवेन्द्र सिंह तोमर (चौधरी) के द्वारा किया गया। सास्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमेंविद्यार्थियो द्वारा वर्ष भर में विभिन्न गतिविधियों के आधार पर पुरस्कार वितरण किया गया । विगत सत्र में कक्षा पहले से आठवीं तक के समस्त उत्कृष्ट विधार्थियों को शील्ड मुख्य अतिथि व शाला संचालक श्री गिरीशपाल सिंह द्वारा प्रदाय की गई। इस अवसर पर विधालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के पूर्व संस्था प्रधान , प्राचार्य श्रीमती अरुणा कुशवाह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया,

# दतिया पुलिस की हर अपराध पर पेनी नजर गोराघाट पुलिस को मिली बड़ी सफलता रेलवे लाइन के तांबे के तार व विधुत तार चोरी करने वाले गिरोह का किया खुलासा

## व एक आरोपी चोरी के तार व अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**





पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा जी द्वारा संपत्ति संबंधी अपराध (लूट, डकैती,चोरी) घटित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया, उक्त आदेश के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे जी अनुविभागीय अधिकारी बडोनी विनायक शुक्ला जी के मार्ग निर्देशन में निरंतर रात्रि के समय थाना स्तर पर सर्चिंग कर चेकिंग की जा रही है। थाना गोराघाट क्षेत्र में चार पांच दिन से तार चोरी करने वाले आरोपियों के घूमने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी गोराघाट टी आई संजीव नयन शर्मा द्वारा फोर्स के साथ निरंतर रात्रि के समय रेलवे लाइन तरफ सर्चिंग की जा रही थी दिनाक 2-3.2.24 की दरमियानी रात्रि सूचना प्राप्त हुई की निर्माणाधीन रेलवे की तीसरी लाइन का 1896 मीटर तांबे का तार कीमती चार लाख दस हजार रुपए का चोरी हो गया की सूचना पर से अपराध क्र.30/24 धारा 379 आईपीसी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दिनाक 3.2.24 को जरिए मुखविर सूचना प्राप्त हुई की हाईवे रोड बड़ोंनकला तिराहे पर एक टाटा सफारी कार खड़ी है जिसमे चोरी का तार और शराब भरी है, सूचना की तस्दीक हेतु बड़ोंनकला तिराहे पहुंचकर देखा तो एक सफेद रंग की टाटा सफारी कार खड़ी दिखाई दी व ड्राइवर सीट पर एक व्यक्ति बैठा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह। फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुधीर कुशवाह पुत्र शंकर कुशवाह उम्र 25 साल निवासी हरदोल मोहल्ला थाना कोतवाली जिला दतिया का होना बताया टाटा सफारी कार को तलाशी ली गई तो उसमे देशी मदिरा शराब को 07 पेटी रखी मिली प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कीमती 19250 रुपए एव चोरी गए तांबे के तार के 15 टुकड़े प्रत्येक तार की लंबाई 5-6 फीट होगी , एव गाड़ी से एक नेम प्लेट रखी मिली जिस पर उपाध्यक्ष एवं गाड़ी का नंबर एमपी 09 एनजे 0100 लिखा था व एक झंडा जिस पर राजनीतिक दल का चिन्ह व राजनीतिक दल का नाम लिखा था टाटा सफारी कार, शराब, तार ,नेम प्लेट,झंडा अवैध रूप से रखे मिलने पर जप्त किए गए। एव आरोपी से तारो भी बारे में पूछताछ की गई तो अपने साथियों के साथ मिलकर निर्माणाधीन रेलवे लाइन कोटरा से काट कर चोरी करना बताया एव उपाध्यक्ष की नेम प्लेट व राजनीतिक दल के झंडा के बारे में पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा बताया गया कि चेकिंग के दौरान पुलिस से बचने के लिए हम नेम प्लेट और राजनीतिक दल के झंडा का उपयोग करते थे आरोपी के घर से भी चोरी गया तांबे के 20 तार के टुकड़े जप्त किए गए है।आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आप आरोपी के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी ली गई तो आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली जिला दतिया में हत्या का प्रकरण एवं थाना पड़ाव जिला ग्वालियर में ड्राइवर का अपहरण कर ड्राइवर की हत्या व गाड़ी लूटने के संबंध में व थाना इंदरगढ़ जिला दतिया में लूट, डकैती का अपराध दर्ज होना पाया गया आरोपी के पर्याप्त अपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसकी निगरानी फाइल तैयार की जा रही है उक्त कार्यवाही टी आई संजीव नयन शर्मा थाना प्रभारी गोराघाट,एएसआई बलवीर सिंह गुर्जर ,एएसआई भूपेंद्र जाट, प्रधान आर.रामेश्वर शर्मा,प्रधान आर.संतोष सगर ,आर.रॉकी रावत,आर.राहुल चतुर्वेदी,आर.संतोष यादव,आर.भूपेंद्र शर्मा,आर.सुनील कुशवाह,आर.दीपक साहू,आर.जितेंद्र रावत,आर.जितेंद्र बाजवा,आर.अनुज गुर्जर,आर.मुकुल सगोरिया,आदि की अहम भूमिका रही।

# राम् कुशवाह नेहरू युवा केंद्र के जिला भिंड सलाहकार समिति सदस्य बने



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भाजपा जिला आईटी सेल भिंड के संयोजक रामू कुशवाहा को नेहरू युवा केंद्र जिला भिंड का सलाहकार समिति (डी ए सी वाई पी)का सदस्य घोषित किया गया है इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान एवं शुभकामनाएं दी स्वागत करने वालों की बेला में नगर परिषद अध्यक्ष मौ सज्जन सिंह यादव जी नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज कुशवाहा जी पार्षद सुल्तान मौर्य पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर जी डॉक्टर बेताल गौड़ सोनू खान जिला मंत्री फरेंद्र सिकरवार बृजेश शर्मा जी महामंत्री राजू मिश्रा जी आगम जैन जी आकाश शाक्य डॉक्टर सुनील गोयल जी अजय झा जी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दतिया कचरा ही कचरा जहां देखो कचरा ही कचरा नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जनता को उठाना पड़ रही परेशानी



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

हम बता दें आपको की दतिया में आजकल हर गली हर चौराहे पर जहां आपकी नजर जाएगी वहां सिर्फ और सिर्फ कचरा मिलेगा क्योंकि बीते कुछ दिनों पहले नगर पालिका कर्मचारियों ने हड़ताल की हुई है इसलिए आम जनता को हो रही परेशानी आखिरकार आम जनता का दोष क्या है जो घर के सामने गंदगी देखकर परेशान हो जाते हैं अब देखना यह होगा कि कब तक चलेगी हड़ताल और कब तक दतिया पड़ा रहेगा सड़कों पर कचरा



# गांव चले अभियान के तहत भाजपा मंडल फूप की कार्यशाला संपन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश जिले के निर्देशानुसार गांव चले अभियान के तहत भाजपा मंडल फूप द्वारा जेपी गार्डन में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 83 पोलिंग पर बूथ अध्यक्ष एवं विस्तारक की टोली बनाई गई ।कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में जिला मंत्री श्रीमति रश्मि खटीक ने संबोधित किया । मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा राखी। तथा उपस्थित सभी समय दानी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां बताएं तथा आगामी दिवस में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर किए जाने वाले 18 करनी कार्यों की रूपरेखा भी राखी इस अवसर पर रामवीर यादव, रामबाबू भदौरिया, पटेल, मलखान सिंह भदौरिया, चौधरी मुस्तकीम महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनिल गोयल ने तथा आभार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चौधरी मुस्तकीम ने किया ।

# श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने संतोष भदौरिया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह महिपाल सिंह मकराणा द्वारा श्री राजपूत करणी सेना का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संतोष भदौरिया को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर संतोष भदौरिया ने कहा कि मां करणी से प्रार्थना है कि मैं इस पद की महिमा महत्व सम्मान बनाए रखते हुए संगठन द्वारा दिए गए उत्तरदायित्व को पूरी जिम्मेदारी से निभा सकूं। साथ ही संगठन की मजबूती को अपना योगदान दे सकूं।वही संतोष भदौरिया को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भदौरिया ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। संतोष को प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# धन कमाने के साथ दुआएं भी कमाए, ज्योति बहन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर/प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर में वरदानी दिवस पर कार्यक्रम किया गया द्य जिसके अंतर्गत धन कमाने के साथ-साथ दुआएं कमाना भी जरूरी है विषय पर आश्रम की संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा बचपन से ही हमें यह सिखाया जाता है की धन कैसे कमाया जाए द्य भिन्न-भिन्न प्रकार की विधि, पढ़ाई पढ़कर और कई प्रकार की तरीके समझ कर धन कमाना सिखाया जाता है द्य लेकिन अक्सर देखा गया है जब व्यक्ति बीमार पड़ता है और जब वह डॉक्टर के पास जाता है तो डॉक्टर कहते हैं कि हम दवा दे सकते हैं लेकिन मरीज को दवा के साथ-साथ दुआ की भी आवश्यकता है तभी वह पूर्ण रूप से ठीक होगा द्य तब समझ में आता है कि हमने धन कमाने में पूरा समय लगा दिया, दुआ कमाने के लिए तो सोचा ही नहीं द्य इसीलिए आवश्यकता है हम धन भी कमाए लेकिन दिन भर में हम कुछ निस्वार्थ कार्य भी करें, लोगों को शुभकामनाएं दें, सम्मान दें, सहयोग दें द्य तो हमें दुआएं भी प्राप्त होगी और वह दुआएं हमें बीमारी के समय, आपातकालीन समय पर मदद करेंगे द्य कार्यक्रम में सेल टैक्स ऑफिसर रिटायर रामनिवास शर्मा जी ने बताया हमारा जीवन बहुमूल्य है जीवन का हर पल हमें बहुत सकारात्मक चिंतन और सकारात्मक कार्यों को करके ही बिताना चाहिए, अन्यथा पश्चातप तो होता ही है और जब जीवन में कुछ प्राप्त नहीं हो पता है तो संतुष्टि भी नहीं मिलती है द्य इसलिए समय का महत्व जानकर हमें हर क्षण को सकारात्मक चिंतन के साथ ही बिताना है द्य कार्यक्रम में टाइनी टोट मुरैना स्कूल के पूर्व डायरेक्टर मोहनलाल वर्मा ने परमात्मा का ध्यान देने पर जोर दिया द्य उन्होंने कहा जब हम भगवान का ध्यान करते हैं तो परमात्मा भी हमारा हर बात में ध्यान रखते हैं जैसा की प्रकृति का नियम है हम जैसा करते हैं वैसा ही हम प्राप्त करते हैं द्य यदि हम कहते हैं

# निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी शिविर में 450 मरीज का किया गया प्रशिक्षण निशुल्क दवा उचित उपचार की दी सलहा

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद चौराहे पर गुर्जर मार्केट में निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी जांच शिविर का आयोजन किया गया शिविर में ग्वालियर से आए चिकित्सक डॉक्टर पवन सोनी डॉक्टर सुनील गुप्ता डॉक्टर रजनी भदोरिया डॉक्टर धर्मेंद्र गुर्जर डॉ विक्रम मिलन डॉक्टर अर्जुन सिंह भदोरिया ने मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क उपचार के लिए दवा देकर उपचार किया है साथ ही गंभीर बीमारियां के लिए उचित सलाह भी दी है शिविर आयोजक आशीष गुर्जर ने बताया कि आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को महा नगरों में उपचार के लिए परेशान ना होना पड़े इस उद्देश्य से यह निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी शिविर का आयोजन कराया गया था जहां दो दर्जन से अधिक ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपचार लेकर लाभ प्राप्त किया है।



# नगर परिषदों में लगाए शिविरों में बनाए गए 1337 आयुष्मान कार्ड



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से पात्र हितग्राही को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एक साल में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा मिलती है। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक से तीन फरवरी तक जिले के सभी नगरीय निकायों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में छ्- नगर परिषदों में 1337 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर परिषद चाकघाट में 260, नगर परिषद गु? में 185 तथा बैकुण्ठपुर में 145 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर परिषद नईगढ़ी में 223, नगर परिषद सेमरिया में 229 तथा नगर परिषद गोविंदग? में 295 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कॉमन सर्विस सेंटर, आशा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड लगातार बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता तथा ग्राम रोजगार सहायक द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# भारतीय सेना में 22वर्ष सेवा देकर सेवानिवृत होकर घर वापसी पर सेना के जवान जेपी सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। जयप्रकाश सिंह जेपी पिता उमा प्रकाश सिंह बब्बू भाई निवासी चोरहटा रीवा मध्य प्रदेश ने अपने भारतीय सेना में 22वर्ष सेवा देकर सेवानिवृत होकर घर वापसी हुई है इसके उपलक्ष्य पर शहरवासी और चोराहटा निवासी ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए भारत के अखंडता और प्रभुता को बनाए रखने के लिए उनका उनके सहयोग और उनके कर्तव्य निष्ठा से की गई सेवा के लिए सभी ने उनका धन्यवाद दिया और उनके स्वागत के लिए उनके जीजा जी श्री रावेंद्र सिंह (रिटायर्ड भारतीय सेना)और उनके भाई रवि प्रकाश सिंह, रूपेंद्र सिंह ,सत्य प्रकाश सिंह गौरव सिंह, डॉक्टर करण सिंह वरुण सिंह, कौशलेंद्र सिंह खैरा वीरेंद्र सिंह भामरा, धनराज सिंह पुनीत सिंह, वकील सिंह, दीपक सिंह रीवा सचिन कुशवाहा जी दिनेश सिंह , वीरेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह चंदिका प्रसाद मिश्रा चोराहट, रज्जन डीजे चोरहटा आदि प्रमुख लोगों का स्वागत में सहयोग रहा।





# कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा।

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 5 फरवरी को प्रात- 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व महाअभियान की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कमिश्नर संभागीय बैठक में आज करेंगे समीक्षा

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

रीवा संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 5 जनवरी को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी थी। बैठक में लिए गये निर्णयों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 5 फरवरी को कमिश्नर कार्यालय में प्रात- 11.30 बजे से आयोजित बैठक में संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में विभागों द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा करेंगे। एजेण्डा बिन्दुओं से जुड़े सभी अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## इंदिरा बिहार रायगढ़ में मनाया गया परिवार मिलन समारोह यादें तो याद बन के रह जाती हैं

**रायगढ़।**जनवरी महीने के अंतिम इंदिरा बिहार रायगढ़ में कई वर्षों बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया के 1998बैच के सत्रह विद्यार्थी सपरिवार शामिल होकर खुशी से झूम उठे इस तरह से एक साथ मिलना एक यादगार पल है सभी अलग अलग जगह एवं अलग अलग कार्यक्षेत्र में रह कर भी एक साथ सपरिवार शामिल होना बहुत ही मेहनत लगन और एक दूसरे की मिलने की ललक को दर्शाता है सबसे अच्छी बात यह रही की सभी ने मिलकर स्वल्पाहार एवं भोजन खुद बनाए। सभी ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए मस्ती में झूम उठे भोजन के पश्चात् सभी ने गानों की धुन पर नृत्य करते हुए खुशियां जाहिर करते हुए कार्यक्रम रखा गया था बच्चों का कुछ खेल रखा गया था जिसमें बच्चे भाग लिए एवं सभी सहपाठियों एवं परिवार वालों ने भी भाग लेकर खुब मस्ती करते हुए सभी को इनाम भी वितरण किया गया। कुछ सहपाठी जो दूर में रहते हैं उन्होंने विडियो कालिंग के माध्यम से चर्चा एवं मिलना हुआ जो नहीं आ पाए उनको सभी ने याद करते हुए भूली बिसरी यादों के साथ याद किया गया।

# लोकायुक्त रीवा की ट्रैप कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**



नाम आवेदक श्री रामनरेश जायसवाल निवासी ग्राम न्यू सप्टा थाना पपौध जिला शहडोल

आरोपी - कार्यवाहक प्रधान आरक्षक श्री अनिल शर्मा थाना पपौध जिला शहडोल एवं प्राइवेट व्यक्ति पवन सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर तहसील लालगंज जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश

**ट्रेप रिश्वत राशि** -2000 रुपय। पूर्व में ली गई राशि 3000 रुपए

**घटना स्थल** - थाना पपौध जिला शहडोल

**कार्य का विवरण-** शिकायतकर्ता ने शिकायत की थी कि उसका विवाद अमृतलाल जायसवाल से दिनांक 5 1 2024 को हो गया था जिसकी रिपोर्ट उसने उसी दिन थाना पपौध में की थी किंतु उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई उससे रिश्वत की मांग की गई उसकी कच्ची रिपोर्ट लिख दी गई , उसके ऊपर अमृतलाल की तरफ से पक्का कैसे बना दिया गया अब उस कैस में जमानत देने के नाम पर ?5000 रिश्वत की मांग की जा रही है इस बात का सत्यापन लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक श्री गोपाल सिंह धाकड़ द्वारा कराया गया तो यह बात सत्यापित हुई की वास्तविकता में आरोपी प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा द्वारा शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांगी की जा रही है , जिस पर से आज ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई थी , आज दिनांक 04.02.2024 को आरोपी प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा और उसके साथी प्राइवेट व्यक्ति पवन सिंह को शिकायतकर्ता श्री राम नरेश जायसवाल से ?2000 रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ ट्रैप किया गया

ट्रेपकर्ता अधिकारी श्री प्रमेंद्र कुमार निरीक्षक

**ट्रेप दल के सदस्य** - श्री प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक, श्री प्रमेंद्र कुमार निरीक्षक, सहित 15 सदस्यीय टीम कार्रवाही की जा रही है

# कलेक्टर ने विशेष अभियान में फाईलेरिया की दवा खिलाने की अपील की।

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में बताया है कि फाईलेरिया मच्छर से फैलने वाला रोग है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार जवा, त्योंथर तथा सिरमौर विकासखण्डों में इसके रोगी मिले हैं। इन्हीं तीन विकासखण्डों में 10 फरवरी से 23 फरवरी तक फाईलेरिया नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 10 से 13 फरवरी तक बूथ में फाईलेरिया नियंत्रण की तीन दवाएं दी जाएंगी। सभी को बूथ पर ही फाईलेरिया की दवा खिलाने का प्रयास करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भी आंगनवा?ी केन्द्रों में फाईलेरिया की दवा खिलाने की व्यवस्था करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी विकासखण्डों में आकस्मिक उपचार दल तैनात रखें। दवा खाने के बाद कभी-कभी उल्टी, बुखार जैसी शिकायत होती है। मेडिकल टीम तत्काल पहुंचकर इसका उपचार करे।कलेक्टर ने कहा है कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 3 दवाएं एल्बेंडाजोल, डीईसी तथा एक अन्य गोली दी जा रही है यह पूरी तरह से सुरक्षित है। इन दवाओं को खाली पेट नहीं लेना है। इसलिए सभी व्यक्तियों को भोजन अथवा नाश्ता करके ही दवा लेने के संबंध में जागरूक करें। फाइलेरिया का कीटाणु शरीर में प्रवेश करने के बाद 20 वर्षों बाद तक असर दिखाता है। इसलिए बुखार या अन्य लक्षण न होने पर भी सभी को फाइलेरिया की दवा अवश्य लेनी है। अभियान में दवा खिलाने के लिए तैनात करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान दवा बांटने के स्थान पर दवा खिलाने के लिए प्रेरित करें। जिस तरह सबके सहयोग और प्रयासों से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाया गया उसी तरह यह अभियान भी सफल होगा।इस अभियान के तहत 2 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया नियंत्रण के लिए तीन दवाएं खिलाई जायेगी। दवा 10 से 13 फरवरी को बूथ स्तर पर खिलाई जायेगी। जो व्यक्ति दवा खाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें 14 फरवरी से 19 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जायेगी। दवा खिलाने का फालोअप 20 से 23 फरवरी तक लिया जायेगा। दवा खिलाने के लिए हर बूथ पर दो प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। अभियान में 250 से 400 व्यक्तियों को दवा खिलाने के लिए एक दल तैनात रहेगा। अभियान में 2 साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रोग से पी?ितों को दवा नहीं खिलाई जायेगी।

## कलेक्टर ने किया आधा दर्जन से अधिक गांवों का दौरा,सल्का नवागांव में राजस्व शिविर का किया निरीक्षण,आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र में घटिया निर्माण पर जतायी नाराजगी।

**बिलासपुर,।** कलेक्टर अवनीश शरण ने शासकीय योजनाओं का फिल्ड स्तर पर क्रियान्वयन देखने के लिए कोटा ब्लॉक के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान राजस्व शिविर सहित प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी आदि शासकीय योजनाओं का मौके पर मुआयना किया। स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाओं पर जहां उन्होंने संतोष व्यक्त किया वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों की गुणवत्ता में बहुत अधिक सुधार की जरूरत बताई।

# संग्राम तीर्थ नैकहाई के पूण्य स्मरण की तैयारी बैठक सम्पन्न

रीवा ब्रह्मर्षि विश्वामित्र लोक सेवा संस्थान रायपुर कर्चुलियान परिसर में संग्राम तीर्थ नैकहाई के पूण्य स्मरण की तैयारी बैठक संयोजक लाल बहादुर सिंह के मुख्यातिथि में आयोजित की गई। 8फरवरी 2024 को संग्राम तीर्थ नैकहाई में सुबह से सुन्दर काण्ड का पाठ मण्डली द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।पूजा हवन के बाद कार्यक्रम के मुख्यातिथि का स्वागत सत्कार किया जायेगा।सभी उपस्थित गणमान्य जनों को एक एक काम की जिम्मेदारी सौपी गई है सब अपने अपने काम की जिम्मेदारी लें लिए हैं कार्यक्रम को भव्यता के साथ करनें का निर्णय लिया गया है। बैठक में लाल बहादुर सिंह,डां विष्णु देव कुशवाहा, दयाराम कोष्टा,शिव बहादुर सिंह, हरि प्रकाश सिंह, सुधीर अग्निहोत्री,स्वामी कार्तिक शास्त्री, मनीष दाहिया, विवेक विश्वकर्मा, सुरजीत सिंह,राज बहादुर सिंह, सतेंद्र शुक्ल, गणेश सिंह, सुरेंद्र ओझा,बल्देव प्रसाद कुशवाहा,सोहन लाल शुक्ला,अजय कुमार सिंह, चंद्र भूषण शर्मा, त्रियुगीनारायण दुबे, ब्रजेश कुशवाहा, रविनंदन सिंह, महेंद्र सिंह सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के द्वारा बिलासपुर जिले में चलित थाना लगाने तथा निजात अभियान लगातार चलाने निर्देशित किया गया है।

जिसके अंतर्गत लोगों की समस्या का तत्काल निराकरण करने तथा नशा मुक्ति हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा टी.एस.नवरंग के नेतृत्व में थाना कोटा क्षेत्र में लगातार निजात कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में ग्राम करगीकला में एसडीओपी कोटा सिद्धार्थ बघेल एंव थाना कोटा थाना प्रभारी द्वारा आपकी पुलिसज आपके द्वार अभियान के अंतर्गत चलित थाना लगाकर तथा निजात अभियान जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपनी भूमिका निभाएं - कलेक्टर

## कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक



-मनेन्द्रगढ़ - जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहल वेंकट ने आज निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी सेक्टर ऑफिसर की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आगामी लोक सभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी सेक्टर ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अपने-अपने संबंधित कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान करवाने के साथ ही अपने मताधिकार का उपयोग करना भी जरूरी है। जिसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का उपयोग भी जरूर करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को चुनावी कार्यों में पूरा ध्यान लगाते हुए बिना किसी चूक के कार्य करने कहा है। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी अपनी वाणी का भी ध्यान रखें एवं अनावश्यक लापरवाही कर किसी प्रकार की कोई समस्या को आमंत्रण ना दें। बैठक में कलेक्टर ने सभी सेक्टर ऑफिसर से उनके संबंधित मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एप्रोच रोड, भवन की स्थिति, पेयजल, शौचालय, सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली तथा अभी भी मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार की आधारभूत आवश्यकता की कमी होने पर तत्काल जानकारी दिए जाने को कहा। कलेक्टर ने सभी सेक्टर आफिसर को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट चार्ट सहित अन्य आवश्यक जानकारी स्पष्ट रखते हुए कार्य करने कहा।उक्त में बैठक अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ अभिलाषा पैकरा, संयुक्त कलेक्टर लिंगराज सिदार एवं जिले के समस्त सेक्टर अधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# यामी गौतम की फ़िल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ हुआ रिलीज़ - उन सभी लोगों के लिए एक खूबसूरत ट्रिब्यूट है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं

यामी गौतम की आगामी फ़िल्म आर्टिकल 370 का टीज़र रिलीज़ हो चुका है और फ़िल्म के प्रति दर्शकों की दिलचस्पी भी बढ़ गई है। आप को बता दें कि यह पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा फ़िल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है अवं इसकी शानदार स्टार कास्ट फ़िल्म को और भी इंटरेस्टिंग बनाते हैं।दिलचस्प टीज़र के बाद अब फ़िल्म का पहला गाना %दुआ% रिलीज़ हो चुका है। एक दिल छू लेने वाला यह गाना, 'दुआ' उन सभी बहादुर दिलों के लिए एक आदर्श गीत है जो बिना किसी शर्त देश की सेवा करते हैं। इस गाने को प्रतिभाशाली सिंगर जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। आपको बता दें कि शाश्वत ने ही गाने का म्यूज़िक भी तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फ़ीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है।यामी कहती हैं कि, ÷जब मैंने पहली बार गाना सुना तो मैं बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वे आपके दिल को छू जाते हैं। साथ ही, इसे कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी इंपैक्टफुल बनाता है। लेकिन हां, यह उन सभी लोगों के लिए एक खूबसूरत ट्रिब्यूट है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।÷गाने के बारे में बात करते हुए निर्देशक आदित्य सुहास जांभले कहते हैं, %हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। कुछ ऐसा जो संयुक्त हिंदुस्तान में देशभक्ति जगा दे। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं।÷वे आगे कहते हैं, ÷भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी खूबसूरत तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, परंतु पूरा देश आज भी एकजुट है 7 यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से एक ट्रिब्यूट है । दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है।÷गायक जुबिन नौटियाल कहते हैं, ÷इस गाने को गाते हुए मैंने व्यक्तिगत रूप से खूब एन्जॉय किया है। मेरा मानना है कि इस गाने में इतनी ताक़त है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा, राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में ख़ास जगह रखता है - दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाने का एक अनूठा अवसर है 7 यह गाना निश्चितरूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।÷यह गाना अब सारेगामा म्युज़िक



यूट्यूब चैनल और सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।जियो स्टूडियोज़ और उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक के मेकर की ओर से, आर्टिकल 370 एक हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है, जिसमें अभिनेत्री यामी गौतम अहम भूमिका में नज़र आ रही हैं और इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।

संपादकीय

# चमक खोते सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती

जनता की अपेक्षा के अनुरूप पर्याप्त एवं वक्त पर न्याय देने में असफल रहने के बावजूद लोगों की अंतिम आशा बने हुए भारत के शीर्ष न्यायालय ने रविवार को अपना हीरक जयंती समारोह मनाया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि आज के कानून कल के मजबूत भारत का आधार हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट की कार्रवाई के डिजिटलाइजेशन एवं न्यायदान सरल भाषा में करने जैसी उपलब्धियों पर संतोष जताया। जो बहुत सी बातें इस अवसर पर किसी भी जागरूक नागरिक के जेहन में उभरती हैं, वे वर्तमान परिस्थितियों में यह सवाल करने पर मजबूर करती हैं कि एक समर्थ, स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका के रूप में वह लोकतंत्र की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के संरक्षण के मामले में कितनी सफल हुई है। ईमानदारी से अगर इस बात की समीक्षा की जाये तो कह सकते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय को अभी लम्बा सफर तय करना है। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि इन मोर्चों पर जैसे भारत का लोकतंत्र आहत होता दिख रहा है, क्या सबसे बड़ी अदालत उसे बचाने में कामयाब हो रही है? श्हांश कहने में किसी को भी संकोच हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के कुछ गिने–चुने न्यायाधीश ही ऐसे हुए हैं जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी को वाकई गम्भीरता से लिया है, साहस के साथ। शीर्ष कोर्ट कई मसलों पर जन आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है, खासकर हाल के वर्षों में। और भी सटीक तौर पर वह कालखंड रेखांकित किया जाये तो वर्तमान दौर, जिसमें न्यायदान एवं न्याय प्रणाली दोनों की ही दुर्दशा सामने आई है। जो प्रधानमंत्री मोदी न्यायपालिका में अनेक सुधारों की बात करते थे, वे भी यथास्थिति कायम रखने में स्वहित मानने लगे हैं। 2014 में जब वे प्रधानमंत्री बने थे, उन्होंने राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिये सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीद की थी कि गम्भीर आरोपों के साथ विधायिका में पहुंचने वाले सदस्यों के बारे में फैसले एक वर्ष के भीतर सुना दिये जायें ताकि लोकतंत्र के मंदिरों को साफ किया जा सके। आशा अच्छी थी, लेकिन न्यायपालिका अपेक्षित व्यवस्था न कर सका और मोदी सरकार को भी इससे राहत ही मिली क्योंकि बाद में पाया गया कि अनेक आरोपी न केवल लोकप्रतिनिधि बनकर देश की विधान मंडलों एवं संसद के सदनों में पहुंचने लगे जिन्हें श्री मोदी बाहर ही रोकना चाहते थे। विरोधाभास व विडम्बना यह रही कि भाजपा ने ही ऐसे अनेक लोगों को टिकटें दीं और उन्हें भीतर बिठाया। और तो और, सदन की सदस्यता के दौरान लगे आरोपों में उनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, उनका पुरजोर बचाव किया। फिर ऐसे लोगों में महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले हों या दुष्कर्म अथवा निर्दोषों को अपने वाहनों से जानबूझकर कुचलने वाले मंत्री पुत्र ही क्यों न हों। करोड़ों रुपयों की डील करने वाले केन्द्रीय मंत्री के पुत्र भी सरकार का संरक्षण पाकर बचे रहे। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की एकतरफा कार्रवाइयों को कोर्ट महसूस तो करता है परन्तु सरकार से जवाब तलब नहीं कर पाया। इसी कालखंड में अनेक आपराधिक कृत्य सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों की ओर से किये जाते रहे परन्तु न उन्हें सजा मिल सकी और न ही पीड़ित पक्षों को न्याय मिला। सामान्य सिविल व क्रिमिनल केसों का बात क्या की जाये, अधिक गम्भीर तथ्य तो यह है कि भारत में अब दो तरह के कानून जारी हैं– एक भाजपा के लिये, शेष सरकार विरोधी व्यक्तियों या संगठनों के लिये। इसी न्यायपालिका ने सत्ता दल के एक मंत्री व एक सांसद को यह कहकर छोड़ दिया था कि उन्होंने हेट स्पीच मुस्कुरा कर दी थी इसलिये वह अपराध नहीं है। अपने कई आदेशों को शब्दों व भावना के अनुरूप अनुपालन कराने में सुप्रीम कोर्ट नाकाम रहा है। यहां मामला पहुंचने का अर्थ ही मान लिया जाता है कि फैसला सरकार के और भाजपा के पक्ष में होगा। इक्के–दुक्के निर्णयों को छोड़ दें तो जनता की भी यही राय हैय और उसकी वजहें ठोस हैं– उदाहरणों सहित वे उद्धृत किये जा सकते हैं। किसान आंदोलन से लेकर शाहीन बाग आंदोलन, नोटबन्दी, जीएसटी और यहां तक कि धार्मिक मुद्दों पर आधारित मसले भी सरकार के पक्ष में छूटे हैं। जिस प्रकार से न्यायाधीशों को रिटायर होने के बाद महत्वपूर्ण जगहों पर बिठाया गया, वह लोगों को उंगली उठाने का मौका तो देता ही है, यह भी बतलाता है कि देश की नियति तय करने वाले फैसले गुण–दोषों के आधार पर नहीं वरन रिटायर्ड होने पर अपनी पुनर्वास योजना के अंतर्गत सुनाये जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट को इस बाबत कोई आचार संहिता लागू की जानी चाहिये– वह भी इतने कड़े प्रावधानों के साथ कि कोई भी जज सेवानिवृत्त होने के बाद किसी पद पर कानूनन ही न बैठ सके ताकि कोई सरकार या व्यक्ति उसके लिये ऐसी व्यवस्था ही न कर पाये। इस दौरान कार्यपालिका द्वारा न्यायपालिका के अधिकार को छीनते हुए भी देखा गया है (बुलडोजर संस्कृति) या उसे यह बतलाया जाता है कि कैसे फैसले लेने चाहिये। पिछले दिनों उस पर सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोगों द्वारा जो हमले किये गये हैं वे बेहद चिंताजनक हैं। सुप्रीम कोर्ट अपनी स्वतरू संज्ञान लेने की ताकत का इस्तेमाल करने से जिस प्रकार इन दिनों कतराने लगा है, वह भी लोगों की चिंता का सबब है। सरकार ने विरोध का स्वर बुलन्द करने वाले अनेक लोगों को जबरिया जेलों में बन्द कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट उस पर मुहर लगाने का काम मात्र कर रही है या फिर तारीखें आगे बढ़ाने में मशगूल है। आजाद खयाल जनता की अपेक्षा तो सर्वोच्च न्यायालय से इन सबसे बढ़कर है। वह देखे कि लोगों के अधिकार सुरक्षित रहें और वे सरकार की भी निर्भीक आलोचना कर सकें।

# साकार गांधी, निराकार गांधी!

*गांधी की कहानी का कुल–जमा निचोड़ यह निकला कि एक सामान्य हाड़–मांस का मनुष्य कैसे अपने जीवन में, लगातार अपनी कमियों को खुद–ब–खुद अपने जीवन की समीक्षा से स्वयं ही त्यागते हुए, जीवन को एक सत्याग्रह में बदल सकता है।*

दिल्ली के बिड़ला भवन में 30 जनवरी 1948 की शाम सांध्यकालीन प्रार्थना पर निकले साकार गांधी अपने अंतिम शब्द श्हे रामश के साथ अनन्त निराकार में विलीन हो गए। इस जगत में जन्म, जीवन के साकार स्वरूप का प्रारंभ है तो महाप्रयाण जीवन का अनन्त निराकार में विलीन हो जाना। जीव, हाड़–मांस का पुतला, सामान्य समझ से माना जाता है। इस जगत में सनातन काल से हाड़–मांस के पुतले भांति–भांति के रूप–स्वरूप में श्वास–प्रश्वास की तरह आते–जाते रहते हैं। जगत, जीवन के साकार से निराकार स्वरूप में बदलने का एक अंतहीन सिलसिला है। साकार स्वरूप अंततरू निराकार में विलीन हो जाता है, पर निराकार तो हर कहीं व्याप्त है, शून्य और अनन्त में भी और सूक्ष्म और विराट स्वरूप में भी। जो रूप–स्वरूप जन्म–मृत्यु से परे है, जैसे–सत्य अपने आप में पूर्ण है, अपूर्ण कभी पूर्ण या असत्य कभी सत्य नहीं हो सकता। साकार गांधी की सबसे बड़ी सिखावन जगत को यह रही कि सत्य ही ईश्वर है। ईश्वर के साथ साकार मनुष्य के मन में आस्तिक–नास्तिक का सवाल या मत–मतान्तर उठें, पर सत्य की सनातनता को लेकर कोई द्वंद या आस्था–अनास्था का सवाल ही नहीं बना। गांधी ने जीवन को सत्य की जीवन–शाला बना दिया, सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा। सत्य एकदम सरल, सहज और स्वाभाविक रूप से सादगीपूर्ण है। सत्य में न तो प्रदूषण है,न ही असहिष्णुता,अभद्रता या बनावटीपन। सत्य में दुराव–छिपाव या स्मरण–विस्मरण का कोई सवाल ही नहीं है। गांधी की कहानी का कुल–जमा निचोड़ यह निकला कि एक सामान्य हाड़–मांस का मनुष्य कैसे अपने जीवन में, लगातार अपनी कमियों को खुद–ब–खुद अपने जीवन की समीक्षा से स्वयं ही त्यागते हुए, जीवन को एक सत्याग्रह में बदल सकता है। दक्षिण अफ्रीका में बैरिस्टर गांधी को पहली श्रेणी का वैध टिकट होने पर भी रेल से उतार दिया था। कहा गया था कि काला आदमी पहली श्रेणी में चढ़ और यात्रा नहीं कर सकता, भले ही वह बैरिस्टर क्यों न हो! सत्यनिष्ठ बैरिस्टर गांधी के मन के किसी कोने में सत्य की समझ नहीं होती तो गांधी जैसा हाड़–मांस का पुतला निराकार सत्य को साकार सत्याग्रह में नहीं बदल पाता। महात्मा गांधी जैसे सरलतम रास्ता खोजने वाले मनुष्य का सत्य ही ईश्वर है का विचार–सूत्र दुनिया के प्रत्येक मनुष्य को सत्य की समझ देता है। अपने जीवन में ईश्वर को खोजने की मशक्कत करते रहने की बजाय गांधी ने यह सहज सूत्र बताया। गांधी ने सत्य को हर समय अपने दैनिक जीवन की श्वास–प्रश्वास की तरह मानते हुए जीवन को ही जीवन्त सत्याग्रह की तरह अनोखी जीवन शैली में बदल दिया। सत्य को आत्मसात कर जीना सिखाया। सत्य और सत्याग्रह की सरलता को अपनाने का सादगीपूर्ण अहिंसक समाधान निकाला। सत्य और अहिंसा एक–दूसरे में रचे–बसे हैं। सत्य और अहिंसा स्वावलंबी और प्राकृतिक स्वरूप में हर किसी के लिए सहज सरल है। सत्य और अहिंसा दोनों को अपनाने के लिए किसी संगठन, संस्था और सहयोगी साथी की भी जरूरत नहीं है। निर्भय होकर स्वावलंबी जीवन सत्यनिष्ठ और अहिंसक तरीके से जीना ही जीवन का प्राकृतिक स्वरूप है। गांधी ने जरूरत और लोभ–लालच के भेद को समझाया। सादगी पूर्ण आवश्यक पोषण–भोजन, रहन–सहन और सहजता–सरलता से अपने गांव बसाहट में स्थानीय लोगों और साधनों की व्यक्तिगत और सामूहिक शक्ति से जीने के प्राकृतिक और विकेन्द्रीकृत तरीके को ही रामराज्य की संज्ञा दी। गांधी ने व्यक्ति के अंदर–बाहर समाहित राम को समझा और आजादी के आन्दोलन में प्रार्थना सभा के माध्यम से व्यक्ति और समाज के मन में समाये रामतत्व की प्राण–प्रतिष्ठा करके आजादी की अहिंसात्मक अवधारणा को भारतीय मानस में लोकाधारित करने का सिलसिला खड़ा किया। जीवन की जरूरत और लोभ–लालच को समझाते हुए महात्मा गांधी ने कहा कि हमारी धरती मां में प्राणीमात्र की जरूरत पूरी करने की क्षमता है, पर किसी एक के भी लोभ–लालच को पूरा करने की नहीं। भोजन को लेकर गांधी ने सहज सूत्र समझाया– भूख लगने पर खाना प्रकृति है और बिना भूख के खाना विकृति है। गांधी ने जीवन के सार के रूप में ही सत्य और अहिंसा, साध्य और साधन की शुद्धता और मन की स्वच्छता की आजीवन साधना को जाना–समझा। गांधी अपने जीवन में न तो प्रशंसा से फूले और न ही आलोचना या गाली पर ध्यान दिया। गांधी का मानना था कि किसी ने आपको गाली दी और आपने गाली का प्रत्युत्तर दिया तो गाली देने वाले को सफलता मिली, पर यदि आपने गाली पर ध्यान ही नहीं दिया तो गाली देने वाले की गाली निष्फल हो गई। यही व्यवहारिक एकाग्रता और ध्यान है। शुक्रवार 30 जनवरी 1948 की शाम प्रार्थना सभा में शामिल होने से साकार गांधी के शरीर को प्रणाम करने का स्वांग रचते हुए गोली मारने वाले को भले ही रोका न जा सका हो पर श्हे रामश शब्द का अंतिम उच्चारण कर महाप्रयाण पर जाने वाले निराकार गांधी के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और अभय को लोकसमाज के मन से कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन और सभ्यता गोली और गाली के बल पर रोक या समाप्त नहीं कर सकती। यही सनातन सत्य है।

(लेखक अभिभाषक,गांधीवादी विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)

# आर्थिक संकट और अंतरिम बजट

**राहुल लाल**

केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय बजट है,जो वार्षिक या आम बजट से अलग होता है। आम चुनाव के बाद और नई सरकार के गठन के बाद वित्त वर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट से सरकार अपनी आय और व्यय की रूपरेखा तैयार करती है,जिससे नई सरकार के गठन तक खर्च संबंधी कोई परेशानी नहीं हो। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अनेक आर्थिक संकटों के बीच अंतरिम बजट प्रस्तुत कर रही हैं। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर 1.8 प्रतिशत पर है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार ने 13 अप्रैल 2016 को अशोक दलवाई समिति का गठन किया था। इस समिति ने 2017 में कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि विकास दर कम से कम 12 प्रतिशत रहनी चाहिए। मनमोहन सरकार में कृषि विकास दर 4 प्रतिशत के ऊपर लगातार बनी हुई थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। वर्तमान सरकार ने भले ही कृषि विकास दर का लक्ष्य 12 प्रतिशत रखा हो, लेकिन अब स्वयं सरकार के आंकड़ों से पुष्टि हो रही है कि चालू वित्त वर्ष में यह आंकड़े 2ल्न तक पहुंचना भी मुश्किल है। भारत में कृषि क्षेत्र सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था अभी गंभीर संकट से जूझ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में निम्नस्तरीय क्रय क्षमता के कारण अर्थव्यवस्था अभी मांग के गंभीर संकट से जूझ रही है। कृषि क्षेत्र की धीमे विकास दर से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग की भारी कमी है। ऐसे में चर्चा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार कर सकती हैं। परंतु सवाल यह है कि ऐसी स्थितियां क्यों आई? चाहे 2008 का आर्थिक संकट हो या कोरोना काल, दोनों में ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने इंजन का कार्य किया तथा देश को संकट से बाहर निकाला। परंतु इसके बावजूद सरकार कृषि क्षेत्र को लेकर गंभीर नहीं रही है। दिल्ली की सीमाओं पर एक वर्ष से ज्यादा समय तक किसानों का शांतिपूर्ण धरना– प्रदर्शन चलता रहा, जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए, लेकिन अब तक सरकार श्न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानूनश को लेकर गंभीर नहीं हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की 6 हजार की राशि इस भीषण महंगाई में किसानों की जरूरत से बेहद कम है, इसे कम से कम दोगुनी करने की जरूरत है इससे भी ज्यादा आवश्यक है कि कृषि लागत को कम किया जाए तथा उत्पादकता में वृद्धि की जाए। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की सख्त आवश्यकता है। इस समय जिस तरह से बेरोजगारी भयावह स्तर पर है, इससे बड़ी संख्या में लोग कृषि कार्य में जुटे हैं,क्योंकि उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। फलतरू ग्रामीण परिवारों में गरीबी की समस्या और बढ़ गई है। किसानों के खेत का आकार छोटा रह गया है। 85 प्रतिशत किसानों के पास 5 एकड़ से भी कम जमीन उपलब्ध है। इस स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में मनरेगा की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। चालू वित्त वर्ष में मनरेगा के बजट में कटौती कर दी गई थी,जबकि देश भर में मनरेगा के तहत काम मांगने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसे में समय आ गया है कि सरकार अंतरिम बजट में मनरेगा के बजट में वृद्धि करे। विशेषज्ञों का आकलन है कि अंतरिम बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रूपये तक कर सकती है। सरकार का यह प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक पात्र किसान की संस्थागत ऋण तक पहुंच हो। लेकिन इसके साथ सीमांत किसानों की कर्जमाफी भी आवश्यक है। सरकार जब पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रूपयों को राइट ऑफ कर सकती है, तो किसानों की कर्ज माफी क्यों नहीं? साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सम्माननिधि की राशि बढ़ाने की जो चर्चा लगातार वित्त मंत्रालय के गलियारे में हो रही है,क्या वह केवल चुनावी जुमलेबाजी तो नहीं? अभी मध्यप्रदेश में चुनाव से कुछ दिन पूर्व लाडली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को नगद हस्तांतरण कर बीजेपी वोट लेने में सफल हो गई थी। लाडली लक्ष्मी योजना में दूसरे मद के बजट का भी प्रयोग किया गया। क्या सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए लाडली लक्ष्मी योजना की तरह श्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिश का तो प्रयोग लोकसभा चुनाव में तो नहीं करना चाहती? इस अंतरिम बजट में केन्द्र सरकार को वास्तव में कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस करने की आवश्यकता है। कोविड काल और उससे 1 साल पहले के समय को नजरअंदाज करें, तो वित्त वर्ष 2023–24 में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर 21 साल में सबसे कम रहने का अनुमान है। इस दौरान 7.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। केन्द्र सरकार 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का नारा जोर–शोर से लगाती है और बताती है कि भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है परन्तु ब्रिटेन की प्रति व्यक्ति आय 47 हजार डॉलर से ऊपर है, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति आय केवल 2450 डॉलर प्रति व्यक्ति है। भारत जीडीपी के मामले में आज दुनिया में 5वें नम्बर पर है,लेकिन वहीं प्रति व्यक्ति आय के मामले में 128वें स्थान पर है। सरकार कई बार कम प्रति व्यक्ति आय के लिए भारत की भारी भरकम जनसंख्या को मानती है। लेकिन इस तर्क में भी ज्यादा दम नहीं है। चीन भी एक विशाल जनसंख्या वाला देश है,लेकिन उसके बावजूद प्रति व्यक्ति आय में भारत से काफी आगे है। चीन में प्रति व्यक्ति आय 12,720 डॉलर है। भारत ने तो अमृत काल में लक्ष्य रखा है कि देश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2047 तक 10,000 डॉलर होगी। सरकार के कई मंत्री तर्क देते है कि देश का जनसंख्या घनत्व काफी ज्यादा है,इसलिए भारत की प्रति व्यक्ति आय कम है। लेकिन तथ्य इस तर्क की भी पुष्टि नहीं करते। भारत में जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है,जबकि बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व 1253 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है। बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 2793 डॉलर है। इसका प्रमुख कारण है कि बांग्लादेश ने जीडीपी विकास में ऐसे उद्योगों को प्रमुखता दी, जो अत्यंत सघन श्रम प्रधान वाले हैं,जिससे लोगों को भारी संख्या में रोजगार मिल रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था 6–7 वर्षों से रोजगारविहीन विकास की ओर अग्रसर हो रही है। अंतरिम बजट में सरकार को प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के लिए गंभीरता प्रकट करनी चाहिए। रोजगार सृजन व प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर के लिए जीडीपी में उच्च विकास दर आवश्यक है। 2004 से 2014 के बीच जीडीपी में कुल 183फीसदी वृद्धि रही, तो 2014 से 2023 के बीच जीडीपी में केवल 83फीसदी का इजाफा हुआ। इसके अतिरिक्त अंतरिम बजट में सरकार को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर भी ध्यान देना चाहिए। दिसंबर माह में यह सेक्टर 18 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया। दिसंबर में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 54.9 पर रहा,जो नवंबर में 56 था। मैन्युफैक्चरिंग के सिकुड़ने से ग्रोथ को झटका लग रहा है। सेवाओं की तुलना में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार बढ़ाना एक तेज प्रक्रिया है। कारखाना के निर्माण का वास्तविक कार्य न केवल रोजगार सृजन है, बल्कि इसमें कम कुशल श्रमिकों की मांग में भी वृद्धि होती है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत किए बिना न तो तीव्र आर्थिक विकास संभव है और न ही आय में वृद्धि। ग्रोथ रेट के प्रथम एवं द्वितीय अनुमान का मुख्य मकसद सरकार को बजट निर्माण से पहले ग्रोथ रेट के भरोसेमंद स्थितियों से अवगत कराना है। प्रथम अग्रिम अनुमान में चालू वित्त के दौरान जीडीपी में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह प्रथमदृष्टया संतोषप्रद लगता है,परंतु जब भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न चुनौतियों के संदर्भ में इसे देखा जाए,तो एक जटिल स्थिति दिखाई देती है। केंद्र सरकार कर्ज जाल में डूबती जा रही है। वर्ष 2014 में देश पर 55 लाख करोड़ का कर्ज था,जो अब 205 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। कर्ज –जीडीपी अनुपात 90 प्रतिशत के खतरनाक स्तर को पार कर गया है। अंतरिम बजट में सरकार को बढ़ते कर्ज और कॉरपोरेट टैक्स पर विचार करना होगा। सरकार ने पिछले बजटों में कारपोरेट टैक्स में अप्रत्याशित रूप से कटौती की है, वहीं जीएसटी में जबरदस्त वृद्धि। इससे निर्धनतम लोगों पर टैक्स की भारी मार पड़ रही है। आखिर पूंजीगत लाभ पर लगने वाला कर अर्जित आय पर लगने वाले कर से क्यों कम है? इन त्रुटियों को सरकार को अंतरिम बजट में जल्द से जल्द दूर करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक मामलों के जानकार हैं)

# कब थमेगा गाजा युद्ध

**आदित्य नारायण**

गाजा युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया में पहली बार अमेरिकी सैनिकों पर हुए हमले में तीन सैनिकों की मौत के बाद स्थिति और भयानक हो गई है। यह आशंका पहले ही व्यक्त की जा रही थी कि इजराइल–हमास युद्ध अगर फैलता है तो पूरी दुनिया के लिए बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। अमेरिका अपने आप को सुपर पावर मानता है लेकिन इस सुपर पावर से टकराने की हिम्मत ईरान समर्थित मिलशिया यानि इस्लामिक रजिस्टैंस समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस समूह ने जार्डन में अमेरिकी सैन्य बेस पर हमला किया है। यह ग्रुप सीरिया, इराक, लेबनान और लीबिया में सक्रिय है। यद्यपि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसका बदला लेने की कसम खाई है लेकिन इससे युद्ध का विस्तार होने का खतरा पैदा हो गया है। इस्लामिक रजिस्टैंस ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने ईराक में अमेरिकी कब्जे वाली ताकतों का विरोध करने और गाजा में इजराइल ने नरसंहार के जवाब में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमले शुरू कर दिए हैं। इस्लामिक समूह इजराइल–हमास युद्ध में अमेरिका की भी भागीदार मानता है। इसलिए वह सीधे तौर पर अमेरिका से भिड़ गया है। इस तरह युद्ध का नया मोर्चा खुल गया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही पहले ही लाल सागर में माल वाहक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उधर इजराइल पर जनसंहार के आरोप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से घकिए गए मुकदमे पर इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का आदेश आ गया है। कोर्ट ने इजराइल से कहा है कि वह गाजा में घ्फलिस्तीनियों को हो रहे किसी तरह के नुक्सान को तुरंत रोके। गाजा में हमास को खत्म करने के लिए इजराइल ने ताबड़तोड़ हमले किए हैं और उसने अस्पतालों को भी अपना निशाना बनाया है। इन हमलों में हजारों निर्दोष लोग मारे गये हैं। हजारों महिलाएं घ्विधवा हो गई हैं और बच्चे अनाथ हो गये हैं। कोर्ट ने इजराइल को गाजा में मानवीय त्रासदी रोकने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाने को कहा है। इजराइल ने जनसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि आम फिलस्तीनियों को जो नुक्सान पहुंच रहा है उसके लिए आतंकवादी समूह हमास जिम्मेदार है। हमास ने गाजा के अस्पतालों, शरणार्थी शिविरों और रिहायशी आबादी के क्षेत्रों में भूमिगत सुरंगें बिछा रखी हैं जिस वजह से आम लोगों की मौत को रोकना असंभव है। युद्ध के कारण 23 लाख आबादी वाले गाजा की 85 फीसदी आबादी शरणार्थी बन चुकी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के आदेश के बाद क्या कुछ बदलेगा। जनसंहार के आरोपों को लेकर अदालत को फैसला लेने में बहुत समय लगेगा। हो सकता है कि इजराइल कोर्ट के फैसले को पूरी तरह से नजरंदाज कर दे। अब इजराइल को तय करना है कि वह क्या कदम उठता है। दो महीने से ज्यादा समय हो चुका है। युद्ध विराम की कोशिशें जारी हैं लेकिन युद्ध रुकने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। इजराइल के प्रधानमंत्री घरेलू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए युद्ध जारी रखे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि गाजा पट्टी पर मानवीय कॉरिडोर का निर्माण किया जाए और मानवीय आधार पर ही युद्ध बंद किया जाए। फिलस्तीनी लोगों को तुरंत और बिना किसी बाधा के मानवीय मदद पहुंचाई जाए। जंग एक करुर भट्ठी के सामन होती है जिसमें इंसानों को भयानक यातना से गुजरना पड़ता है लेकिन इस की तपिश दूर–दूर तक होती है।

# छितीपुर गांव में धधक रही कच्ची शराब की भट्टियां



**करैरा पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**
**9399215234**

दिनारा क्षेत्र के छितीपुर गांव में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौतें हो चुकी है अवैध शराब के धंधे पर रोक का मुद्दा चर्चा में है। क्षेत्र में भी वर्षो से कच्ची शराब का धंधा चल रहा है। बीते सालों में यहां बनी जहरीली शराब दर्जनों लोगों की जान लील चुकी है। जिसके बाद पुलिस व आबकारी विभाग कुछ दिन अभियान चलाकर गिनती की भट्टियां नष्ट कर नाममात्र की अवैध शराब नष्ट करते हैं। शराब माफिया इस अभियान में साफ बच जाते हैं और कुछ दिन बाद फिर से भट्टियों पर कच्ची शराब पकने लगती हैं। अवैध कच्ची शराब का धंधा गांव-गांव लघु उद्योग के रूप में फैल चुका है। गंगा की तलहटी समेत दलदली झीलों के समीप कच्ची शराब बनाने की भट्टियां धधकती रहती हैं। आबकारी विभाग सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ा कर इस धंधे पर लगाम लगाने के दावे कर रहा है।

**छितीपुर डामरौन बैसोरा क्षेत्र में फैलता धंधा**–करैरा तहसील क्षेत्र के छितीपुर डामरौनकलां बैसोरा गांव में कच्ची शराब का धंधा तेजी से फैल चुका है। इन क्षेत्रों में कच्ची शराब को तैयार करने के लिए बाकायदा उपकरण लगाए गए हैं।

**प्रयोग होते हैं घातक केमिकल**–इस मौत के सामान को तैयार करने के लिये तमाम तरह के कैमिकल, गंदा पानी डाल



कर उसका लहन तैयार किया जाता है। शराब को अधिक नशीली बनाने के लिए उसमें पेनकिलर प्रोक्सीवान, स्पाज्मा प्रोक्सीवान आदि दवाईयां मिलाते हैं। सूत्रों की माने तो यह शराब इतनी घातक होती कि इसके सेवन से किडनी पर विपरीत प्रभाव पडता है और अधिक सेवन से मौत भी हो सकती है।

**क्या कहते हैं चिकित्सक**–कच्ची शराब के बनाने में यूरिया, ऑक्सीटोसिन और धतूरे के बीजों के मिलाए जाने पर डा. ओपी जायसवाल बताते है कि धतूरे के बीज मिलाने से शराब का नशा और तेज हो जाएगा, लेकिन इस तरह की शराब पीने वाले व्यक्ति का नर्वस सिस्टम डाउन हो जाएगा, यदि ऐसी शराब का कम मात्रा में सेवन किया जाए तो भी व्यक्ति की किडनी खराब हो जाएगी और उसे पेट संबंधी कई बीमारियां हो जाएगी और अधिक मात्रा से मौत तक हो सकती है

# ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खेला सितौलिया

**पुष्पांजलि टुडे सतीश परिहार करैरा**
**9399215234**



लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा मैं पार्टी का कार्यकर्ता हुँ पार्टी जो आदेश करेगी वह मानूँगा शिवपुरी:पहली बार आयोजित हो रहे राज्यसभा सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत संसद सदस्य राज्यसभा एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी अपने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे उन्होंने इस दौरान न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया बल्कि खुद से सितौलिया खेल खेलकर अपना जौहर भी सबके सामने दिखाते हुए तीसरी गेंद पर सितौलिया का ढेर उड़ा दिया।

**प्रदेश से एशियन गेम्सस के लिए अधिक से अधिक खिलाड़ी निकले**–केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने एकदिवसीय प्रवास पर शिवपुरी आए थे जहां उन्होंने राज्यसभा सांसद खेल प्रतियोगिता के दौरान आयोजित होने वाले भारतीय खेलो को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप खिलाड़ियों की हौसला हो जाएगी और कहा के मध्य प्रदेश से एशियन गेम्स के लिए खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा निकले ताकि मध्य प्रदेश का जौहर भी देश की साथ दिखाई दे।

**सितौलिया,गिल्ली डंडा,कबड्डी, खो खो को बढ़ावा दिया जाये**–पहली बार आयोजित हो रहे राज्यसभा सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत भारतीय खेलों को बढ़ावा दिए जाने पर काम किया जा रहा है यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है जिसे राज्यसभा सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं इस दौरान शिवपुरी में आयोजित हुई इस खेल प्रतियोगिता में कबड्डी गिल्ली डंडा सितोलिया जैसे खेलों को प्राथमिकता से शामिल किया गया इस दौरान सांसद सिंधिया ने खुद खिलाड़ियों के साथ सितोलिया का खेल खेल और तीसरी गेंद में शितोलिया का ढेर उड़ा कर खूब तालियां बजवाई।

**प्रशासन और पुलिस की व्यवस्था रही फेल**–राज्य सभा खेल प्रतियोगिता में पोलों ग्राउंड में जो व्यवस्थायें जिला प्रशासन द्वारा की गई थी वह फेलुआर साबित हुई,जब ज्योतिरादित्य सिंधिया खेल देखने खेल मैदान में पहुँचे तो डिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन आम जनता को खेल मैदान में आने से नहीं रोक पाये,स्थिति यह रही कि खिलाडियों से अधिक सिंधिया समर्थक और आम जनता का हुजूम लग गया,जिससें खिलाडियों को काडी दिक्कत हुई।

# सुनहरा शनिवार के अन्तर्गत विद्यार्थियो ने किया थाना का शैक्षणिक भ्रमण



बैगलेस डे के अन्तर्गत प्रधान पाठक श्री नेमू राम नायक के निर्देशन में सुनहरा शनिवार शाला प्रभारी श्री चूड़ामणि सोनवानी के मार्ग दर्शन मे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुरलापारा के बच्चों ने अमलीपदर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया । थाना भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी श्री खेत सिंह ठाकुर जी ने देश के भविष्य का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यातायात के नियमों का जानकारी को बहुत ही सटीक ढंग से समझाया। यातायात के नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से कैसे बचा जा सकता है। हमेशा बाएं चलने,ज़ेबरा क्रॉसिंग पर रुकने की सलाह दी। दुर्घटना का मुख्य कारण ड्रिंक एंड ड्राइव साथ ही हेलमेट न पहनना एवं तेज गति से वाहन चलाना है। श्री कुबेर बंजारे जी ने गुड टच बैड टच को बहुत ही रोचक ढंग से समझाया और प्रलोभन से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी प्रलोभन से ही आगे बच्चों को प्रभावित करते हैं और बालको एवं बालिकाओं का शोषण करते हैं। उन्होंने बच्चों को माता-पिता का बात माने एवं शिक्षकों का आज्ञा पालन करने तथा अच्छे से पढ़ाई करनी की सलाह दी। साथ ही पुलिस विभाग में भर्ती होने के लिए क्या-क्या शारीरिक एवं शैक्षणिक योग्यताएं होती है उनकी जानकारी दी। समाज में पुलिस की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में बताया। थाना परिवार द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरण कर थाना के कार्य विधि को समझाया। जिला समन्वयक, युवा व ईको क्लब गरियाबंद, श्री कमल किशोर ताम्रकार ने विद्यार्थियो को शुभ कामनाएं देते हुए बताया कि पुलिस विभाग देशभक्ति व जन सेवा और शांति व्यवस्था के कारण वर्दी की महत्ता हमे लगातार प्रेरणा प्रदान करते हैं। चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, पुलिस आपात काल नम्बर 112, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, और वुमन पावर लाइन 1090 की जानकारी दी है।थाना मे पुलिस विभाग के कार्य और व्यवहार को देख कर बच्चे काफी प्रभावित हुए, वास्तव में बैगलेस डे सुनहरा शनिवार साबित हुआ।बच्चों के साथ श्री चूड़ामणि सोनवानी शिक्षिका श्रीमती भारती ठाकुर, श्रीमती सोनम प्रधान पुलिस अधिकारी खेतसिंह ठाकुर , श्री कुबेर बंजारे, श्री हीरा चंद्राकर , श्री टेमन दुबे आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक दल की बैठक संपन्न बैठक में विधानसभा सत्र के विषय में की गई चर्चा





**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**
**पुष्पांजलि टूडे अश्वनी अवस्थी**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज भाजपा विधायक दल की बैठक आहूत की गई। बैठक में विधानसभा सत्र को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयाल दास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े टंकराम वर्मा, ओपी चैधरी,लखन लाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, सहित भाजपा विधायक मौजूद रहे।बैठक के बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जी ने सभी विधायको को मार्गदर्शन देते हुए बताया विधायकों का दायित्व क्या है, जनता के साथ कैसे संबंध होने चाहिए, कार्यकर्ताओं के साथ कैसे संबंध होना चाहिए, विधायकों का संगठन के प्रति क्या दायित्व है और अच्छे विधायक बनने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए। जो पार्टी के विचार परिवार के लोग हैं उनसे हमारे कैसे संबंध होने चाहिए इस बारे में मार्गदर्शन दिया साथ में आज विधायक दल के मुख्य सचेतक राजेश मूणत और सचेतक लता उसेंडी और सुशांत सिंह को घोषित किया गया है। विधायक कल की बैठक में विधायक गणों के सुझाव लिए गए विधायकों को यह भी बताया गया राज्यपाल के भाषण पर क्या बोलना है कैसे बोलना है बजट सत्र में कैसे भाग लेना है कैसे प्रश्न लेना है इन सब चीजों की जानकारी विधायकों को दी गई है। विधायक दल की बैठक में शिव प्रकाश के साथ-साथ पार्टी के संगठन महामंत्री पवन ने भी संबोधित किया।बैठक पश्चात प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों के सवालों का बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब दिया कल से बजट सत्र शुरू हो रहा है सत्ता पक्ष की किस तरह तैयारी है

बृजमोहन जी - पूरी तैयारी है क्योंकि अभी जो प्रश्न आएंगे वह पूर्व सरकार के काले कारनामों के आएंगे। अभी सुझाव और कार्य प्रणाली विधायकों का दायित्व कर्तव्य इस पर चर्चा हुई है।

राहुल गांधी 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं , इसे किस तरह देखते है

बृजमोहन जी - राहुल गांधी राहु कल में आ रहे हैं। बजट अभिजीत काल में आ रहा है।

# डकैतों का खत्मा करने वाले पुलिस आफिसर रविन्द्र सिंह सिकरवार बने TOWN इंस्पेक्टर,

**सतीश परिहार पुष्पांजलि टुडे**



एक जमाने में शिवपुरी के जंगलों में डकैतों के भय से जनता रात 8 के बाद सुरवाया से करैरा और शिवपुरी से ग्वालियर के रास्ते में दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों से यात्रा करने में कतराते हुए नजर आती थी ! शिवपुरी के जंगलों में डकैतों का इतना भय था कि जंगलों के आस-पास स्थित गांव के सरकारी स्कूलों की दोपहर 2 बजे छुट्टी कर स्कूलों को बंद कर शिक्षकों को भागना पड़ता था ! उस जमाने में पुलिस के चुनिंदा ऑफिसर जान हथेली पर रखकर जंगलों में डकैतों को पकड़ने के लिए घूमा करते थे ! उसी टीम का एक हिस्सा रहे आफिसर रविन्द्र सिंह सिकरवार भी थे जिन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में डकैतों का खत्मा करने में भूमिका निभाई थी ! इसके उपरांत अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के कई थानों में इन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी गई ! जहां अधिकारियों के विश्वास यह आफिसर खरे साबित नजर आए ! इनके जज्बे को देख पुलिस महकमें ने हाल ही में इन्हें पुलिस थाना प्रभारी से ञ्रह्वड्ड्ढ इंस्पेक्टर से पदोन्नति कर शहरीकरण थानों में जाने की जिम्मेदारी भी सौंप दी है ! जिम्मेदारी मिलने के बाद शोशल मीडिया पर शुभकामनाओं का सिलसिला भारी मात्रा में शुरू हो गया !



# कलेक्टर ने नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय का शिफ्टिंग करने के लिए सदर स्कूल का किया निरीक्षण

सक्ती,/कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सक्ती में नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय का शिफ्टिंग करने के लिए सदर स्कूल का निरीक्षण किया जहां उन्होंने छात्राओं के लिए पीने के लिए पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर अन्य भवनों का मरम्मत कराकर जल्दी से जल्दी शासकीय कन्या महाविद्यालय को शिफ्ट करने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने कृषि विभाग कार्यालय का निरीक्षण, स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण, बुधवारी बाजार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में चल रहे निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण, वार्ड नं 17 सक्ती में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण, नंदेलीभाठा स्थित बालक छात्रवास में चल रहे मरम्मत कार्य एवं जर्जर भवन का निरीक्षण किया । जिसमें उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ और समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया एवं पुराने जर्जर भवनों को डिसमेंटल करने हेतु निर्देशित किया।

## कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यशाला बैठक संपन्न

# कार्यशाला को राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने दिया आवश्यक मार्गदर्शन जनता के आशीर्वाद से लोकसभा की सभी 11 सीट जीतना है - विष्णुदेव साय





### कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के फलस्वरूप भाजपा ने मात्र 5 वर्षों में ही जबरजस्त वापसी की है – किरण सिंह देव

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**
**पुष्पांजलि टूडे अश्वनी अवस्थी**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की लोकसभा क्लस्टर प्रभारी, सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी, लोकसभा विस्तारक, चुनाव प्रबंधक कमेटी सह प्रभारी संयोजक, सह संयोजक एवं जिलाध्यक्ष की लोकसभा चुनाव कार्यशाला बैठक आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संपन्न हुई।

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु आप सभी को जो जिम्मेदारी दी गई है उन जिम्मेदारियां को प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक जाकर पूरा करना है। हर कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारी को विधानसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी करनी है। संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने जो परिश्रम किया है उसका सार्थक प्रतिफल हमें मिला है और यही परिश्रम हमें आगे भी जारी रखनी है। हमें समन्वय बनाकर काम करना है अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की विचारधारा से जो?ना है इसके साथ ही संगठन के द्वारा जो भी दायित्व दिया गया है उन दायित्वों को सभी को पूरा करना है। उन्होंने कार्यशाला में आए सभी लोगों अभी तक किए कार्यों की बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रत्येक लोकसभा प्रभारी से विधानसभा वार विगत वर्षों के हार जीत की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की ।उन्होंने निर्देश दिया कि क्लस्टर प्रभारी लोकसभा स्तर तक और लोकसभा प्रभारी विधानसभा स्तर तक जाकर और लोकसभा संयोजक मंडल स्तर तक जाकर कमजोर क्षेत्र चिह्नित कर वहां बूथों का सशक्तिकरण करने की ओर ज्यादा ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है हमें प्रत्येक कार्यकर्ताओं को उनकी योग्यता अनुसार कार्य विभाजन करना है जिससे वे सभी धार्मिक, सामाजिक, स्व सहायता समूह, तक पहुंचे बूथों में लाभार्थी सम्मेलन करवाये वह बूथ सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व में आदेश किया है कि हमें 10ऋ अधिक वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चलना है । उन्हीने कहा सभी का काम टीम वर्क के साथ होगा तभी क्लस्टर के क्रियान्वयन की सार्थकता है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज पार्टी ने जो आप सभी को दायित्व दिए हैं उसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हमें जनता के आशीर्वाद से छत्तीसग? की सभी 11 की 11 सीट जीतकर मोदी जी को देना है ताकि देश में एक बार फिर मोदी जी के नेतृत्व में जनता की सेवा के लिए भाजपा की सरकार बने। उन्होंने कहा कि लोकसभा के महासमर के लिए आप सभी योद्धा तैयार हो जाये। मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में आज देश ने विकास की नए आयाम गड़े हैं। मोदी जी पर जनता का विश्वास बड़ा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर हमें आगामी लोकसभा चुनाव में जनता तक जाना है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसग? में भाजपा की सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। पहली ही कैबिनेट की बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने रोक रखी थी उन्हें बनाने की घोषणा कर दी गई है। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर पिछले दो वर्षों के धान का बकाया बोनस का वितरण किसानों को कर दिया गया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं को 12000 रुपए सालाना देने के लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है इसके साथ ही साथ मोदी की गारंटी में जो भी अन्य योजनाएं हैं उन सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करेंगे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बैठक में प्रस्तावना रखी। उन्होंने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा छत्तीसग? भाजपा को जो भी निर्देश और कार्य योजनाएं मिलेंगी उसका पालन प्रदेश भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता करेगें। हम सभी को एकजुट होकर पार्टी की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथ तक ऐसा समायोजन स्थापित करना है की बूथ से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी संवाद पारदर्शी बने रहे। क्लस्टर प्रभारियों का मुख्य कार्य यही पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि हमे जितनी भी जिम्मेदारियां शीर्ष नेतृत्व से प्राप्त होंगी उन्हे बूथ तक पहुंचाना और उन पर क्रियान्वयन करवाना है जैसे नवमतदाता सम्मेलन, गांव चलो अभियान, मीडिया, सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि हमें भाजपा की रीति नीति से प्रभावित लोगों के लिए भाजपा ज्वाइनिंग का अभियान चलाना हैं। महिला समूहों और गैर राजनीतिक संस्थाओं का भी एक अभियान चलाना है। गांव चलो अभियान का शुभारंभ हो चुका है उसे आगामी 7 फरवरी से जिला से लेकर मंडल, वार्ड और बूथ स्तर पर करना है। उन्होंने कहा जिस प्रकार कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के फलस्वरूप भाजपा ने मात्र 5 वर्षों में ही जबरजस्त वापसी की है उसी तरह जनता से आशीर्वाद मांग कर छत्तीसग? की ग्यारह की 11 लोकसभा सीटें मोदी जी को जीतकर देना है।बैठक का संचलान प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप महामंत्री संगठन पवन साय, महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती, अजय चंद्राकर, गौरीशंकर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत ,अमर अग्रवाल शिवरतन शर्मा से सभी क्लस्टर प्रभारी, संभाग प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक उपस्थित रहे।

# बेन फोक्स ने माना- भारत में विकेटकीपिंग करना बेहद कठिन, बल्लेबाजी करना भी आसान नहीं

**इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स ने माना है कि भारत में विकेटकीपिंग करना बेहद कठिन है। यहां तक कि बल्लेबाजी करना भी आसान नहीं है, क्योंकि यहां उछाल और स्पिन दोनों होता है।**

**नई दिल्ली.** विशाखापट्टनम में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारत और इंग्लैंड की टीम यहां पहुंच चुकी हैं। लंबे समय के बाद इस स्टेडियम को कोई टेस्ट मैच मिला है। इससे पहले यहां दो ही टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें भारत को जीत मिली है। भारत की टीम यहां जीतती है तो सीरीज 1-1 से बराबर हो जाएगी, क्योंकि मेजबान टीम पहला मैच हार चुकी है। वहीं, अबू धाबी में तीसरे टेस्ट मैच से पहले एक शॉर्ट ब्रेक के लिए जाने से पहले इंग्लैंड की टीम सीरीज में 2-0 से आगे निकलने का प्रयास करेगी। टीम और विकेटकीपर के तौर पर आई चुनौतियों को लेकर बेन फोक्स ने बयान दिया।

हैदराबाद में स्पिन फ्रेंडली विकेट था, जहां मेजबान ही फंस गए। ऐसे में आशंका है कि विशाखापट्टन में और भी ज्यादा स्पिन फ्रेंडली विकेट दूसरे टेस्ट के




लिए तैयार होगा। इंग्लैंड के जिन खिलाड़ियों ने 2021 में भारत का दौरा किया, उन्हें चेन्नई में अपनी शुरुआती जीत के बाद हुई तीन करारी हार अच्छी तरह से याद हैं। उस सीरीज के दूसरे टेस्ट में टीम में आए बेन फोक्स ने सीरीज को याद करते हुए क्रिकइंफो को बताया, ÷ये तीनों शायद सबसे खराब पिचें थीं, जिन पर मैंने बल्लेबाजी की है।÷ उन्होंने ये भी बताया कि एक विकेटकीपर के तौर पर उनके लिए मुश्किल हुई थी।

हालांकि, इंग्लैंड की टीम बेन स्टोक्स की कप्तानी और ब्रैंडन मैकुलम की कोचिंग मे बैजबॉल क्रिकेट खेल रही है, जिसके तहत वे आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। इसी को लेकर फोक्स ने कहा, ÷पीछे जाकर मैं सोच रहा था कि ये भयानक विकेट हैं - मुझे बस इस पर बने रहने का एक रास्ता खोजने की जरूरत है। मुझे लगता है कि अब ग्रुप बड़ा है, यदि यही स्थिति है, तो आपको सकारात्मक रहना होगा; गेंदबाज पर वापस दबाव डालना होगा और उन्हें दबाव में लाना होगा।

उन्होंने आगे बताया, ÷पहले, आउट होने का डर अधिक था और इसने हमें अपने शेल्स में डाल दिया था। जबकि अब यह चिंता की बात नहीं है कि आप आउट हो रहे हैं और स्वीकार कर रहे हैं कि आप शायद उस तरह की सतहों पर हैं, लेकिन आप वास्तव में कैसे आगे बढ़ सकते हैं और समय-समय पर हावी भी हो सकते हैं?÷ ओली पोप ने इंग्लैंड के लिए पोस्टर ब्वॉय का काम किया। उन्होंने दूसरी पारी में 196 रन बनाकर भारत के लिए मुश्किलें पैदा की और भारत मैच हार गया।

उन्हें इस दौरे के लिए उन पिचों पर खेलने के उद्देश्य से चुना गया था जो बेदाग कीपिंग की मांग करती हैं। निजी कारणों से हैरी ब्रूक के स्वदेश लौटने से अंतिम एकादश में वापसी का रास्ता थोड़ा आसान हो गया, बेयरस्टो को पूरी तरह से नंबर 5 पर बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। फोक्स को पहले टेस्ट में रन बनाने में कठिनाई हुई, लेकिन टॉम हार्टली की गेंद पर आर अश्विन और मोहम्मद सिराज की स्टंपिंग उनके लिए वरदान साबित हुई। पहले मैच में कुछ गलतियां उन्होंने बतौर विकेटकीपर कीं, लेकिन जल्द ही उनको सही भी किया। उन्होंने कहा, ÷आप खेल में हैं, इसलिए एक कीपर के रूप में यह अच्छा है।

## शिवम दुबे के लिए आई अच्छी खबर, मुंबई की रणजी टीम में मिली बड़ी जिम्मेदरी




**नई दिल्ली.** भारत के ञ20 ऑलराउंडर शिवम दुबे को मुंबई की क्रिकेट टीम के नए उपकप्तान नियुक्त किए गए हैं। मंगलवार को चयनकर्ताओं ने 2 फरवरी से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बंगाल के खिलाफ खेले जाने वाले अगले मैच के लिए टीम चुनते समय शिवम दुबे को कप्तान अजिंक्य रहाणे के डिप्टी के रूप में प्रमोट करने का फैसला किया। शिवम दुबे को इसलिए प्रमोट किया गया है, क्योंकि मुंबई के नियमित उपकप्तान शम्स मुलानी को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे अनाधिकारिक टेस्ट में इंडिया ए की ओर से खेलने के लिए चुना गया है।

30 वर्षीय शिवम दुबे ने सोमवार 29 जनवरी को उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुंबई की दो विकेट की करीबी हार में अपनी सीम गेंदबाजी से पहली पारी में 32 रन देकर 3 विकेट लेने के अलावा 117 रन भी बनाए थे। मुंबई क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता राजू कुलकर्णी ने टीओआई को बताया, उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और इस सीजन में भारत और मुंबई दोनों के लिए अपनी योग्यता साबित की है। यह मुंबई क्रिकेट के लिए एक कदम आगे है। रहाणे, जिनकी यूपी मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में ग्रेड 1 की चोट लगी थी और इस कारण वह अंतिम दिन फील्डिंग नहीं कर सके, अधिकारियों को उम्मीद है कि वह टीम का हिस्सा हैं और वे उम्मीद कर रहे हैं कि वह मैच के लिए फिट हो जाएंगे। इस बीच ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को मुंबई 23 टीम के लिए उनके शानदार फॉर्म का इनाम रणजी ट्रॉफी कॉलअप के साथ मिला। शेडगे ने 23 कर्नल सीके नायडू मैच में हरियाणा के खिलाफ मुंबई की पहली पारी में 133 गेंदों में 168 रन बनाए थे।

## मयंक अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई, फ्लाइट में हो गए थे बुरी तरह बीमार

**अगरतला.** कर्नाटक की टीम के कप्तान और लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बीमार पड़ने के बाद अगरतला में एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उनकी हालत में सुधार है, लेकिन इस घटना ने क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है। मयंक ने किसी साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज करायी है।

उन्होंने पानी समझकर एक पाउच से एक पेय पदार्थ पीया था, जो इंडिगो एयरलाइन्स के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वे बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। उनकी हालत अब खतरे से बाहर है। मयंक अग्रवाल ने अपने मैनेजर के जरिए पुलिस में एक औपचारिक शिकायत दर्ज करायी है।




पश्चिम त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरन कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'मयंक अग्रवाल एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं। अब उनकी हालत स्थिर है, लेकिन उनके मैनेजर ने मामले की जांच के लिए एनसीसीपीएस (न्यू कैपिटल कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने) में एक शिकायत दर्ज करायी है।

उन्होंने बताया, "उनके मैनेजर ने कहा है कि जब वह विमान में बैठ रहे थे तो उनके सामने एक पाउच रखा था। उन्होंने उसमें से थोड़ा-सा पेय पदार्थ पीया, लेकिन अचानक उनके मुंह में जलन होने लगी और वह कुछ बोल भी नहीं पाए और उन्हें आईएलएस अस्पताल लाया गया। उनके मुंह में सूजन और छाले थे। हालांकि, अब उनकी हालत स्थिर है।"

## IND vs ENG: सरफराज खान को हरभजन सिंह की वॉर्निंग- जब विराट कोहली लौटेंगे तो...

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड दूसरे टेस्ट मैच से पहले सरफराज खान को वॉर्निंग दी है। हरभजन सिंह चाहते हैं कि अगर सरफराज को खेलने का मौका मिले, तो वह इस मौके का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं। लगातार तीन रणजी ट्रॉफी सीजन में रनों का अंबार लगाने वाले सरफराज को आखिरकार भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में जगह मिली है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हो गए, जिसके बाद सरफराज, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया। इसके अलावा विराट कोहली भी पहले



दो टेस्ट मैचों के लिए इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। हरभजन सिंह ने कहा कि विराट की गैरमौजूदगी में अगर सरफराज मौके को बेकार करते हैं, तो ऐसे में शायद ही उन्हें दूसरा मौका मिल पाए। हरभजन सिंह ने कहा, सरफराज खान को इस मौके का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना ही होगा क्योंकि जब विराट कोहली लौटेंगे, तो किसी को तो टीम से बाहर जाना होगा, तो उसके पास मौके को बेकार जाने देने का भी मौका नहीं है। उसने बहुत मेहनत की है और डोमेस्टिक क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं।% दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय स्क्वॉड में दो अनकैप्ड बैटर हैं, एक रजत पटिदार और दूसरे सरफराज खान।

भारतीय टीम को पहले टेस्ट मैच में 28 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। हैदराबाद में खेले गए टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भारतीय टीम 202 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। जडेजा और राहुल के चोटिल होने से वैसे ही टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं, ऐसे में विशाखापट्टनम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम थोड़ा प्रेशर में भी होगी। अब देखना होगा कि क्या सरफराज खान को प्लेइंग ड्ढ्ढ में

## बेन स्टोक्स ने टेस्ट सीरीज के दौरान किया एमएस धोनी का जिक्र, बोले- वह जो भी करते हैं...

**नई दिल्ली.** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने एमएस धोनी और आईपीएल 2023 को लेकर भारत के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के पहले मैच से पहले बात की। स्टोक्स से पूछा गया कि क्या एमएस धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग के बीच आईपीएल में जो अंडरस्टैंडिंग है, क्या ऐसी ही समझ उनके और ब्रैंडन मैकुलम के बीच भी है? इस जवाब उन्होंने बेबाकी से दिया और बताया कि उनको आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बनकर अच्छा लगा।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रिकॉर्ड किए गए इंटरव्यू में जियोसिनेमा पर बेन स्टोक्स ने बताया, आप कहते हैं कि हम ट्रॉफी जीत गए, इस तरह मुझे टीएफसी अवॉर्ड मिला, थैंक्स फॉर कमिंग अवॉर्ड। जाहिर है, चोट और इस तरह की चीजों के कारण यह वैसा नहीं हुआ जैसा मैं चाहता था, लेकिन सिर्फ चेन्नई जैसी अविश्वसनीय फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर भी अच्छा लगा। मैंने पहले भी फ्लेमिंग और एमएस के साथ काम किया है, जब मैं पुणे में खेल रहा था।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि एमएस धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग (सीएसके के हेड कोच) कैसे एक-दूसरे के पूरक थे, यह देखने वाली बात थी। उन्हें अपने निर्णयों पर भरोसा है, एक कोच के रूप में और एक कप्तान के रूप में। एमएस में खेल से बाहर होने की भावना होती है, जबकि कभी-कभी जब आप किनारे पर बैठे होते हैं,

## विराट कोहली कप्तान होते तो टीम इंडिया पहला टेस्ट नहीं हारती, इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज का दावा

**नई दिल्ली.** इंग्लैंड की टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने माना है कि अगर हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में विराट कोहली भारतीय टीम के कप्तान होते तो मेजबान टीम को हार नहीं मिलती। वॉन ने रोहित शर्मा की कप्तानी को स्विच ऑफ करार दिया। उन्होंने इससे पहले भी रोहित शर्मा की कप्तानी को औसत दर्जे का बताया था। अब इंग्लैंड के इस दिग्गज ने कहा है कि उन्होंने विराट कोहली की कप्तानी को टेस्ट क्रिकेट में मिस किया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले को लेकर बात करते हुए माइकल वॉन ने क्लब प्रैरी फायर पर कहा कि अगर विराट कोहली भारतीय टीम के कप्तान होते तो हैदराबाद में खेले गए टेस्ट मैच का नतीजा अलग हो सकता था। वॉन से पूछा गया था कि क्या मेजबानों ने विराट कोहली और मोहम्मद शमी को मिस किया? इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ने इनमें से कोई भी विकल्प नहीं चुना और इसके बजाय अलय राय दी।

उन्होंने माना कि अगर कोहली कप्तान होते तो भारत पहला टेस्ट नहीं हारता। मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की महानता को स्वीकार करते हुए वॉन को लगा कि उन्होंने बस स्विच ऑफ कर दिया। वॉन ने कहा, ÷उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की कप्तानी को बहुत मिस किया। उस हफ्ते विराट की कप्तानी में भारत मैच नहीं हारता। रोहित एक दिग्गज और महान खिलाड़ी हैं, लेकिन मुझे लगा कि वह पूरी तरह से स्विच ऑफ हो गए हैं। इससे पहले टेलीग्राफ को लिखे अपने कॉलम में माइकल वॉन ने कहा था, ÷मुझे लगा कि रोहित शर्मा की कप्तानी बहुत ही ज्यादा औसत दर्जे की थी।

मुझे लगा कि वह इतना प्रतिक्रियाशीलन नहीं था, मुझे नहीं लगता कि उसने अपने क्षेत्र में बदलाव किया या अपनी गेंदबाजी में बदलाव के साथ सक्रिय था।

उनके पास ओली पोप के स्वीप या रिवर्स स्वीप का कोई जवाब नहीं था। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में 2 फरवरी से दूसरा टेस्ट खेलना है।



## केशव महाराज ने की भविष्यवाणी, बताया किन दो टीमों के बीच हो सकता है T20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल

**साउथ अफ्रीका के दिग्गज स्पिनर केशव महाराज ने एक बड़ी भविष्यवाणी करते हुए उन दो टीमों का नाम बताया है, जिनके बीच जून में आईसीसी T20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल खेला जा सकता है।**



**नई दिल्ली.** साउथ अफ्रीका के दिग्गज लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल को लेकर भविष्यवाणी की है। केशव महाराज ने उन दो टीमों का नाम बताया है, जिनके बीच टी20 विश्व कप का फाइनल हो सकता है। टी20 विश्व कप आईपीएल 2024 के ठीक बाद जून के महीने में यूएसए और वेस्टइंडीज में आयोजित होगा। इस बार टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनको चार ग्रुप में बांटा गया है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) और वेस्टइंडीज की सह-मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 29 दिनों का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें युगांडा सहित 20 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के 55 मैच वेस्टइंडीज और यूएसए के 9 मैदानों पर खेले जाएंगे। इनमें से 6 मैदान वेस्टइंडीज के हैं, जबकि 3 मैदान यूएसए के हैं। वेस्टइंडीज सुपर 8 के मैचों के साथ-साथ नॉकआउट मैचों की मेजबानी भी करेगा। टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत 1 जून से डालास के ग्रैंड प्रैरी स्टेडियम में होगी। पहला मैच मेजबान यूएसए और कनाडा के बीच आयोजित होगा। इसी मेगा इवेंट को लेकर केशव महाराज ने स्पोर्ट्स तक पर बताया कि उनकी इच्छा है कि इस बार के टी20 विश्व कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका का सामना भारत से हो। भारत और साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप 2023 में दमदार खेल दिखाया था। भारत अंकतालिका में पहले और साउथ अफ्रीका दूसरे नंबर पर था।

केशव महाराज ने कहा, हम हमेशा विश्व कप जीतने की कोशिश करने का निर्देश लेकर वहां जाते हैं। उम्मीद है, हम इसे सुधार सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत फाइनल होना आश्चर्यजनक होगा। राउंड रॉबिन (2023 वनडे विश्व कप) के बाद, मैंने भारत में स्थानीय लोगों को यह कहते हुए सुना कि वे दक्षिण अफ्रीका-भारत फाइनल चाहते हैं। केशव महाराज एसए20 में डबरन सुपर जाएंट्स के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को क्वॉलिफायर 1 में पहुंचा दिया है।

## 3 साल में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को 11 बार लगी है चोट, जानें कब-कब इंजरी से गुजरे ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली.** भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज केएल राहुल को एक बार फिर से नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए का रुख करना पड़ा है। 35 वर्षीय जडेजा और 31 वर्षीय केएल के लिए एनसीए जाना नई बात नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले से बाहर होने के बाद इन खिलाड़ियों को चोट से संबंधित समस्याओं के चलते बेंगलुरु स्थित एनसीए जाना पड़ा है। इन दिग्गज खिलाड़ियों ने पिछले 3 साल में 11 बार चोट का सामना किया है। इससे लगता है कि पिछले 36 महीनों में इनका शरीर किसी कांच की तरह रहा है, जो अक्सर टूटता-फूटता रहता है।



वर्तमान में रविंद्र जडेजा और केएल राहुल वास्तव में जितने मैच खेल नहीं रहे, उससे ज्यादा मैच मिस कर रहे हैं और इससे भारतीय टीम को ही नुकसान झेलना पड़ रहा है। उनकी मौजूदा चोटों ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में टीम संयोजन की बैंड बजा दी है। पिछले तीन वर्षों में रविंद्र जडेजा पांच बार इंजर्ड हो चुके हैं, जबकि केएल राहुल 6 बार चोटिल हुए हैं। सवाल ये भी है कि ये खिलाड़ी इतने ज्यादा चोटिल क्यों हो रहे हैं? क्या उम्र बढ़ती जा रही है? क्या ज्यादा खेलना एक वजह है? इसका जवाब है- शायद हां, लेकिन इस बात से भी किनारा नहीं किया जा सकता है कि इनका शरीर कमजोर हो रहा है।

रविंद्र जडेजा की बात करें तो उन्होंने जनवरी से मार्च 2021 में क्रिकेट नहीं खेली। वे थंब इंजरी के कारण टीम से बाहर थे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उनका अंगूठा डिस्लोकेट हुआ था। उसी साल की आखिर में नवंबर में वे फोरआर्म इंजरी का शिकार हुए और फरवरी 2022 तक टीम से बाहर रहे। जडेजा को तीसरी चोट रिब इंजरी के तौर पर लगी और वे मई-जून 2022 में क्रिकेट नहीं खेल पाए। आईपीएल 2022 के कई मैच उन्होंने मिस किए। दो महीने बाद उनको घुटने की चोट का सामना करना पड़ा और वे अगस्त 2022 से फरवरी 2023 तक क्रिकेट से दूर रहे। 5वीं चोट अब जनवरी 2024 में हैमस्ट्रिंग के तौर पर लगी। वे दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं और अगर चोट गहरी होती हैं तो कुछ और भी मैच मिस कर सकते हैं। वहीं, अगर बात केएल राहुल की चोटों की करें तो जनवरी 2021 में उनको रिस्ट स्ट्रेन का सामना करना पड़ा था और वे सिडनी में तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। वे पहले दो मैचों का भी हिस्सा नहीं थे और उनको एनसीए लौटना पड़ा था। उसी साल मई में एपेंडिक्स का शिकार केएल राहुल थे और इसके लिए उनको सर्जरी के दौर से गुजरना पड़ा था। आईपीएल 2021 में उन्होंने कई मैच मिस किए थे। नवंबर 2021 में उनको थाई स्ट्रेन हुआ और होम टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ वे नहीं खेले। चौथी चोट उनको जून 2022 में लगी, जो स्पोर्ट्स हर्निया के रूप में थी। ग्रोइन इंजरी के कारण उनको कई मैच मिस करने पड़े। मई 2023 में आईपीएल के दौरान उनको थाई इंजरी हुई और वे आईपीएल के साथ-साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी नहीं खेले थे और कई सीरीज मिस की थीं। अब जनवरी 2024 में उनको क्वाडरसिप्स इंजरी के सामना करना पड़ा। वे अब वाइजैग टेस्ट में नहीं खेलेंगे।

# गोवा में दादा साहेब फाळके मोटिवेशनल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार आयोजन

# कलाकारों को प्रोत्साहित करने पुरस्कार जरुरी है :डॉ केतन भाटीकर

## सिनेमा कला सर्वव्यापी है : करण समर्थ

### वरिष्ठ पत्रकार वामन प्रभू दादासाहेब फाळके अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल पुरस्कार

### बॉलीवुड एक्ट्रेस सपना वाधवा तथा एक्टर करण समर्थ प्रॉमिसिंग कपल इन न्यू वेव सिनेमा पुरस्कार से सन्मानित

पणजी, गोवा (आएएनएन भारत मुंबई) एबीएम तथा आएएनएन भारत मुंबई के तत्वावधान से पणजी शहर गोवा में दादासाहेब फालके मोटिवेशनल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था। इस भव्य पुरस्कार समारोह में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ कला, संस्कृति, साहित्य, सिनेमा तथा सामाजिक कार्य में अपनी निरंतर मेहनत और लगन से किए गए कार्य से समाज को विशेष लाभ देनेवाले विशेष व्यक्तिमत्वों को दादासाहेब फालके मोटिवेशनल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।इस प्रथम दादासाहेब फालके मोटिवेशनल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में गोवा राज्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पितामह माने जाने वाले वरिष्ठ पत्रकार तथा साहित्यिक वामन प्रभू, समाजसेवी नगरसेवक डॉ केतन भाटीकर तथा कारगील युद्धवीर निवृत्त नेवल अफसर अनंत जोशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। तो यह पुरस्कार विजेता बॉलीवुड फिल्म निर्देशक राकेश सावंत, एक्टर-लेखक-निर्देशक करण समर्थ, एक्ट्रेस सपना वाधवा, जानेमाने समाजसेवी एड शिवाजी देसाई तथा सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्राध्यापक प्रजल साखरदांडे अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए फोंडा नगरसेवक समाजसेवी डॉ केतन भाटीकर ने कहा कि, अपने देश में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली कलाकार तथा अपने अद्भुत कार्य से समाज के हितों की रक्षा करने वाले व्यक्तित्व है। इन महानुभावों के कार्य की दखल लेकर उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना यह हमारा कर्तव्य है। डॉ केतन भाटीकर ने आगे कहा, गोवा में इस तरह के सामाजिक उपक्रमों का हम स्वागत और समर्थन करते हैं। यह एक अच्छा काम करण समर्थ और अमोल भगत कर रहे हैं, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं और पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूं । कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार जरुरी है क्योंकि इससे उन्हें और अच्छा कार्य करने का तथा दुसरों का भी हौसला बढ़ता है।तो वामन प्रभू ने अपने अध्यक्षीय भाषण में गोवा और कलाकारों के संबधों का जिक्र करते हुए, गोवा की भूमी हमेशा कलाकार तथा महानुभावों का सम्मान और आदर करती है। दादासाहेब फालके अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल पुरस्कार विजेताओं के कार्य से समाज में दुसरों को प्रेरणा मिलेंगी और अधिक सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए ऐंसें प्रतिभाशाली तथा समाजसेवीयों को सम्मानित करना आवश्यक है।दादासाहेब फाळ्के मोटिवेशनल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार आयोजन की प्रशंसा करते हुए समाजसेवी एड शिवाजी देसाईने गोवा के विभिन्न समस्याओं पर अपने व्दारा किए गए कार्य तथा जिम्मेदारियों की जानकारी दी। तो सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्राध्यापक प्रजल साखरदांडे ने समाज में विभिन्न कलाकारों के योगदान और उनकी प्रशंसा करना आवश्यक क्यों है, इस पर सटीकता से विचार रखे। जाने-माने फिल्म निर्देशक राकेश सावंत ने, कई सारे पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए, अपनी आनेवाली देशभक्ति पर आधारित हिंदी फिल्म, ÷मुद्दा 370÷ के बारे में जानकारी दी। उनके भाषण से समारोह का माहौल देशभक्ती से प्रेरित बना दिया ।अपने संबोधन में निवृत्त नेवल अफसर अनंत जोशी ने कहा, यदि समाज का हर सदस्य अपनी छोटी छोटी जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास करेंगे तो, अपना भारत देश महान विश्वगुरु बनने में अधिक समय नहीं लगेगा।? हम सब ने वर्तमान प्रधानमंत्री के कार्य को समझना चाहिए और उससे प्रेरणा लेनी चाहिए । हम सब मिलकर अपने आप में बसे हुए कलाओं को बढ़ावा दे और अपनी प्रतिमाओं को निखारें।हमारे देश के बड़ी संख्या में प्रसिद्धी से दूर रहें कलाकार और महानुभावों को उनकी विशेष उपलब्धियों पर सम्मानित करने के लिए हमने इस पुरस्कार सम्मान के आयोजन के बारे में सोचा। और आज हम इस आयोजन पर सबको भाग्यशाली मानते हैं, यह के कर पुरस्कार की अधिक जानकारी आयोजक अमोल भगत ने दी।गोवा में दादासाहेब फाळ्के मोटिवेशनल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं



में से कुछ विशेष उल्लेखनीय व्यक्तित्व; एड शिवाजी देसाई को उनके गोवा राज्य के सामाजिक सुधारों में असाधारण योगदान, तो प्रा प्रजल साखरदांडे को उनके इतिहास का संरक्षण के असाधारण योगदान, प्रमुख अतिथि वामन प्रभू को गोवा राज्य में पत्रकारिता तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में लंबे अरसे के असाधारण योगदान, तथा प्रमुख अतिथि डॉ केतन भाटीकर को उनके गोवा राज्य में आरोग्य तथा सामाजिक कार्य में असाधारण योगदान तथा कारगील युद्धवीर निवृत्त नेवल अफसर अनंत जोशी को युवाओं के विकास, तथा धुलिया ज़िले के दुर्लाभ जाधव को ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कृषि तंत्रज्ञान के विकास और उपयोग के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सिनेमा उद्योग से निर्देशक राकेश सावंत को उनकी हिंदी फिल्म मुद्दा 370 के लिए देशभक्ति पर आधारित सर्वोत्तम फिल्म, तो लिजड़ फ्रेंच एक्ट्रेस मरियन बोरगो को उनकी अंतरराष्ट्रीय सिनेमा उद्योग में लंबे समय तक प्रमुख अभिनेत्री के रुप में अव्दितीय योगदान के लिए तो बॉलीवुड में एंट्री करने पर तुरंत आधा डझन से अधिक बहुभाषी फिल्मों में प्रमुख अभिनेत्री की भूमिका निभाने रही दिल्ली की सपना वाधवा को प्रोमिसिंग एचिव्हमेंट इन सिनेमा, तो सिनेमा उद्योग में डिजिटल फिल्म तकनीक के लिए अद्भुत योगदान के लिए अभिनेता लेखक निर्देशक करण समर्थ को व्हिजनरी फिल्ममेकर इन सिनेमॅटिक क्राफ्ट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।गोवा राज्य में दो दशकों से अधिक समय से थिएटर अभिनेता के रूप में रसिकों का मनोरंजन करनेवाले सुदेश किन्हलेकर को गोवा राज्य के थिएटर आर्ट के उनके लंबे योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेपाल कल्चर एण्ड फिल्म सेंटर चेअरमन संतोष सुबेदी को एक्स्ट्राऑर्डिनरी कॉन्ट्रिब्यूशन इन ग्लोबल सिनेमा, इटली के जोसेफ कैरेटीना एक्स्ट्राऑर्डिनरी कॉन्ट्रिब्यूशन इन कल्चरल डिप्लोमैसी तो घाना के क्रिस्टीन अदीअबो ने बेस्ट स्टूडेंट फिल्ममेकर का खिताब जीता।निर्देशक गुणवंत मंजू की युवा कारों फिल्म को बेस्ट कन्नड़ फिल्म ऑफ द ईयर और बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म ऑफ द ईयर निर्देशक अक्षय दिती के साथ उसी फिल्म के बेस्ट एक्टर के लिए विवान शाह को दिया गया तथा सपोर्टिंग एक्टर के लिए संजय मिश्रा भी नॉमिनेट हुएं।वैसे ही बेस्ट हिंस्टोरीकल एक्टीविस्टीस्ट ऑफ द ईयर श्रमिक शेखरचंद्र गोजमगुंडे, कर्नाटक के शकील नागनूर को उनके शास्त्रीय संगीत में योगदान के लिए तो गोंदिया ज़िले के असिस्टेंट इन्स्पेक्टर सोमनाथ कदम को पब्लिक अवेयरनेस बेस्ट शॉर्ट फिल्ममेकर का पुरस्कार प्राप्त हुआ।गोवा के कई कलाकार इस पुरस्कार के लिए चुने गए थे, इस मे युवा गीतकार ओमकार नाईक को बेस्ट यंग पोएट एण्ड राइटर ऑफ द ईयर, गोवा के युवा रंगोली कलाकार भुमेश नाईक को बेस्ट यंग टॅलेंटड रंगोली आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, बेस्ट स्टनिंग चाइल्ड आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का पुरस्कार गोवा की तनीसी केरकर, बेस्ट वर्सेटाइल डान्सर ऑफ द ईयर का पुरस्कार गोवा की सांची गवंकर, बेस्ट कॉन्ट्रिब्यूशन इन फोक आर्ट (रंगोली) ऑफ द ईयर का पुरस्कार गोवा की अरुण नाईक शामिल हैं।एक्स्ट्राऑर्डिनरी एप्रिशिएशन टू गॅलन्टरी कारगील हिरो कमांडो मधुसूदन सुर्वे को, बेस्ट उडिया राष्ट्रीय लघुचित्र निर्देशक डॉ श्वेत कुमार दास, बेस्ट शॉर्ट फिल्म डायरेक्टर ऑफ इयर, 96 उम्र की वरिष्ठ समाजसेवी हंसाबेन बालकृष्ण मेहता को बेस्ट सोशल एक्टिविस्टीज ऑफ द ईयर 2024, बेस्ट सोशल एक्टिविस्टीज समाजसेवी अमरसिंह नायक को बेस्ट सोशल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर 2024, महाराष्ट्र से दुःखी लोगों की दिन-रात सेवा करनेवाले नरेंद्र पाटील को बेस्ट सोशल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर 2024, बेस्ट हॉटेल ऑफ द ईयर 2024 को एस फोर जी हॉटेल पुणे, एक्स्ट्राऑर्डिनरी इंटरनेशनल एथलीट ऑफ द ईयर कृष्णा तनपुरे को दिया गया।इस पुरस्कार समारोह में शामिल कई प्रतिभाशाली दिव्यांग कलाकारों में से योगा, सिटिंग वॉलीबॉल खेल के लिए कर्नाटक की महाबुबी एस सोदागर को बेस्ट सिटिंग वॉलीबॉल को एवार्ड प्राप्त हुआ।गोवा राज्य में दो दशकों से अधिक समय से स्टेज सिंगर के रूप में लोगों का मनोरंजन करनेवाले अरविंद नाईक को मेल वर्सेटाइल सिंगर परफॉर्मर तो कम उम्र में स्टेज सिंगर के रूप में लोगों का मनोरंजन करनेवाली खुशबू हलदनकर को फिमेल वर्सेटाइल सिंगर परफॉर्मर गोवा के अखिल देसाई को बेस्ट लिरिक ऑफ द ईयर । संदीप मलानी को मोस्ट वर्सेटाइल एक्टर डिरेक्टर ऑफ द ईयर के लिए पुरस्कार दिए गए। (बॉलीवुड एक्ट्रेस सपना वाधवा तथा एक्टर करण समर्थ प्रॉमिसिंग कपल इन न्यू वेव सिनेमा पुरस्कार से सन्मानित) फिल्म इंडस्ट्री में एक लंबे समय के बाद गुरुदत्त वहीदा रहमान, राजकपूर नर्गिस, धर्मेंद्र हेमा मालिनी, ऋषि कपूर नीतू सिंह और रणबीर कपूर आलिया भट्ट जैसे लोकप्रिय फिल्मी कपल्स के बाद हिंदी सिनेमा में प्रॉमिसिंग कपल इन न्यू वेव सिनेमा के विशेष ज्वाइंट पुरस्कार बॉलीवुड एक्ट्रेस सपना वाधवा तथा एक्टर करण समर्थ को एकसाथ दिया गया। इन प्रमुख व्यक्तियों के साथ देशभर से आए और कई प्रतिभाशाली प्रज्ञावतों को उनकी उपलब्धियों पर पुरस्कार दिए गए। एबीएम संस्था तथा पुणे टू गोवा फिल्म के निर्देशक अमोल भगत ने इस पुरस्कार को लेकर खुशी जताई । और भविष्य में और नए वेंन्चर्स के लिए अपना योगदान देने का वादा किया। (आयएनएन भारत मुंबई)

## उत्कर्मित मध्य विद्यालय चौकठिकरा के प्रधान अध्यापक कुशनू कुमार गुप्ता के विरोध में ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित शिकायत किया।

### विधालय के छात्रा के ऊपर अत्याचार की संवाद आ रहे हैं। ग्रामीण एव विधालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य ने प्रधान अध्यापक कुशनू कुमार गुप्ता को अभिलंब हटाने की मांग

दुमका जिले के रानीश्वर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौकठीकरा के प्रधान अध्यापक कुशानु कुमर गुप्ता के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों



ने प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवाजी भगत को लिखित पत्र दिए। पत्र में लिखा है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौकठिकरा के प्रधान अध्यापक कुशानू कुमार गुप्ता विधालय के बच्चों की शिक्षा के प्रति कोई रूचि नहीं रखती , विधालय का संचालन ठीक से नहीं कर रहा है। पत्र ये भी लिखा कि विधालय के छात्रा के ऊपर अत्याचार की संवाद आ रहा है। विधालय मैं प्राप्त अनुधन राशि , बिना विचार विमर्श के बिना सभा बुलाई अपने मनमानी से सरकारी पैसा का खर्च करता है। ग्रामीण एव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से अभिल्म्ब प्रधान अध्यापक कुशनू कुमार गुप्ता को हटाने की मांग की । प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भरत दुलूई, उपाध्यक्ष परिमल बावरी, सदस्य बच्चन बागती, चीनू बागति, रानी दुलुई, खुजल बागती, मंजू बागरी सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर, टिप निशान किया।

## आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु अधिकारियो कर्मचारियों का एफएलसी प्रशिक्षण हुआ आयोजित



**सक्ती,** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ईवीएम एफएलसी प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालेश्वर राम, समस्त संबंधित मास्टर ट्रेनर, समस्त तहसीलदार, एनआईसी प्रभारी श्री सैफ खान एवम जिला निर्वाचन कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण शामिल हुए। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन से संबंधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, एफएलसी कार्य के संबंध में जनप्रतिनिधियों की बैठक ली गई।

## छात्रों में परीक्षाओं के तनाव को नियंत्रित करता है सहजयोग

सहजयोग द्वारा विद्यार्थियों के संतुलन, अनुशासन व सफलता में वृद्धि होती है। सर्व विदित है कि सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित कुंडलिनी जागरण व ध्यान योग की पद्धति है जो मानव के आध्यात्मिक उन्नति में सहायक है। परंतु पूर्ण सत्य यह है कि सहजयोग आध्यात्मिक ही नहीं वरन् जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति प्रदान करता है, और यह जीवन की प्रत्येक अवस्था बालपन से लेकर वृद्धावस्था तक समान रूप से लाभकारी है। इसी क्रम में यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि छात्र जीवन में सहजयोग विशेष रूप से सहायक है। भारत में फरवरी से लेकर मई तक विभिन्न परीक्षाओं का समय होता है। इस समय लाखों बच्चे बोर्ड व प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। वर्तमान शिक्षा पद्धति में अंकों के प्रतिशत का महत्व बढ़ने से छात्रों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। परिणामस्वरूप निराशा, तनाव, भिन्न प्रकार के मानसिक रोग, हमें बच्चों में देखने को मिल रहे हैं। पराकाष्ठा ये है कि कुछ बच्चे कम उम्र में ही हृदयाघात के शिकार हो रहे हैं और छात्रों में आत्महत्या के उदाहरण बढ़ते जा रहे हैं। ये सनातन संस्कृति के वाहक भारत देश के लिए चिंताजनक है। प्राचीन काल में गुरुकुल प्रणाली में योग्य गुरुजन छात्रों को संयमित, संतुलित व अनुशासित व्यक्तित्व में ढालने का कार्य करते थे



जो आज संभव नहीं है। परंतु वर्तमान जीवन शैली में रहते हुए भी छात्रों को वही संतुलन, संयम व सफलता प्रदान करना सहजयोग द्वारा पूर्णतया संभव है।मानव शरीर की रचना पंचतत्वों से हुई है। इन सभी तत्वों की संतुलित अवस्था हमारे शरीर व मन को स्वस्थ रखती है। हमारा सूक्ष्म शरीर मुख्यतया तीन नाड़ियों व सात चक्रों से संचालित होता है। इस संतुलन की स्थापना हमारे मूलाधार में स्थित कुंडलिनी शक्ति द्वारा की जाती है। श्री माताजी के समक्ष जब कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तथा प्रतिदिन कुछ समय के ध्यान द्वारा हम इस स्थिति में स्थापित हो जाते हैं तो जीवन की आपाधापी, निराशा, आक्रामकता समाप्त हो जाती है। आत्मसाक्षात्कार किसी भी उम्र में सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। विश्व के 150 से अधिक देशों में प्रत्येक आयुवर्ग के व्यक्तियों ने सहजयोग को अपनाकर जीवन में सफलता व आनंद को प्राप्त किया है। सहजयोग द्वारा विद्यार्थियों की एकाग्रता, मैमोरी, समझने की शक्ति व त्वरित निर्णय की क्षमता में अद्भुत वृद्धि होती है तथा मानसिक तनाव व दबाव पर नियंत्रण रहता है और यह वैज्ञानिक व आधुनिक चिकित्सा पद्धति द्वारा प्रमाणित किया गया है।अतः आनंदमय, सफल व संतुलित जीवन के लिए अपने बच्चों को सहजयोग का उपहार अवश्य प्रदान करें। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं ङ्क 1800 2700 800 बेवसाइट? - यूट्यूब चैनल ङ्क लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार

## बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों को संचालित ना होने दे- एआरटीओ शंकर जी सिंह



बांदा । शासन के निर्देश पर स्कूल बसों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग एआरटीओ शंकर जी सिंह, पीटीओ राम सुमेर यादव एवम यातायात प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ,यातायात पुलिस के सहयोग से गहन चेकिंग अभियायन चलाया गया जिसमें 1 दर्जन से अधिक वाहनो का चालान एवं 2 वाहनों को निरुद्ध किया गया। जिसमें बिना फिटनेस के दो स्कूली वाहनो को कालू कुंआ,मंडी में निरुद्ध किया गया जबकि अन्य वाहनो को पी यू सी,बीमा ,सीटबेल्ट इत्यादि के आरोप में चलानी कार्यबाही की गई। वाहनो पर एआरटीओ परिवाहन शंकर जी सिंह ने एक दर्जन से अधिक वाहनो पर कार्यवाही करते हुए हिदायत दी। कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित नहीं होंगे। सभी वाहन चलको संचालकों को हिदायत दी जाती है कि अपने वाहनों का फिटनेस अवश्य करवा ले अन्यथा पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्यूशन पड़ने जा रही बीए की छात्रा को ट्रक ने कुचला, मौत गुस्साये ग्रामीणों ने लगाया जाम

बांदा । जिले के चिल्ला थाना अंतर्गत दोहतरा गांव के समीप शुक्रवार को सवेरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्यूशन पड़ने जा रही बीए की छात्रा को कुचल दिया। जिसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पास पड़ोस के लोग छात्रा को लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



चिल्ला थाना अंतर्गत ग्राम डिघवट निवासी खुशी यादव (18) पुत्री रामराज यादव प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को ट्यूशन पड़ने के लिए घर से निकली थी। जैसे ही वह दोहतरा गांव के घूरा मोड़ के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जबरदस्त टक्कर मारी, जिससे वह सड़क पर ही बुरी तरह लहूलुहान हो गई। यह देखकर आसपास के लोग घायल छात्रा को लेकर जिले के थाना ट्रामा सेंटर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस बारे में देखने वाले अवधेश कुमार यादव निवासी अतरहट ने बताया कि घूरा मोड़ के पास तेज गति से जा रहे ट्रक ने छात्रा को टक्कर मार कर घायल कर दिया, जिसे हम लोग तुरंत लेकर अस्पताल आए थे लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं क्षेत्राधिकारी जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि शुक्रवार सवेरे लगभग 7.30 बजे एक छात्रा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है मृतका के परिजनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास करता है सूर्य नमस्कार :चाकणकर विद्यार्थियों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास तथा इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए सूर्य नमस्कार बेहद फायदेमंद योगाभ्यास है। सूर्य नमस्कार के अनगिनत फायदे और उपयोगिता को समझते हुए आयुष मंत्रालय ने भी बड़े स्तर पर देश भर में सूर्य मंदिर पर सूर्य नमस्कार के आयोजन का कार्यक्रम बनाया उपरोक्त उद्गार जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय उमावि उत्कृष्ट मुरार मुरार क्रमांक 2 मॉडल डीडी नगर में 11 जनवरी को आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं सूर्या फाऊंडेशन द्वारा सूर्य मंदिर पर आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई एन ओ सूर्या देश उपाध्यक्ष के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम गौतम ने सूर्य नमस्कार के महत्व को बताते हुए बच्चों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया इस अवसर पर संस्था के उप प्राचार्य अहिबरन, सिंह, प्रभारी प्राचार्य रेखा मुले ,ममता अग्रवाल, योग क्लब प्रभारी श्रीकांत मिश्र, विनेश सिंह उपस्थित थे।

# मेले में तीन दिन में बिक गए 1,381 वाहन



**ग्वालियर।** व्यापार मेले के आटोमोबाइल सेक्टर में बूम देखने को मिल रहा है। परिवहन छूट के लाभ के साथ वाहनों की बिक्री जोरों पर है। तीन दिन में एक हजार तीन सौ इक्यासी वाहन बिके हैं, इनमें 13 लग्जरी वाहन भी शामिल हैं। कार की संख्या दोपहिया वाहनों से ज्यादा है। मेला में सबसे ज्यादा मांग 10 से 15 लाख रुपये की कार की है। शनिवार को 183 कार और 135 दोपहिया वाहन बिके।

आटोमोबाइल कारोबारियों को उम्मीद है कि जिस तरह से मेला के आटोमोबाइल सेक्टर में वाहन बिक रहे हैं, उससे आशा है कि यह पिछ्ले कई साल का रिकार्ड तोड़ देगा। ऐसा तब है जब इस बार परिवहन छूट कुछ देरी से मिली। तीन दिन में कार 745 और दोपहिया वाहन 636 बिक गए। गुरुवार को कार 290 और दोपहिया 290, शुक्रवार को कार 272 और दोपहिया 211 बिके। वहीं इन दो दिनों में सात लग्जरी कार इंदौर और भोपाल के लोग ले गए। शनिवार को छह लग्जरी कार बिकीं, इनको इंदौर के लोग परिवहन विभाग से सत्यापन कराने के बाद लेकर गए।

**दस्तकारी हाट शिल्प बाजार में खादी प्रदर्शनी-**खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भोपाल (सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन दस्तकारी हाट शिल्प बाजार में किया जा रहा है। प्रदर्शनी 12 फरवरी तक चलेगी। इसमें विभिन्न प्रदेशों की खादी संस्थाएं एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वित्त पोषित इकाइओं द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योग एंव पीएमइजीपी इकाईओं के उत्कृष्ठ उत्पादों के प्रदर्शन के साथ बिक्री की जा रही है।

# नैनो यूरिया के परिणामों पर शोध, इफिको सहित देश की आठ कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञानी जुटे

ग्वालियर। फसलों पर नैनो यूरिया के प्रभावों को पता करने के लिए ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय व इफिको सहित आठ इंस्टीट्यूट एवं विश्वविद्यालयों के कृषि विज्ञानी शोध कर रहे हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय को बाजरा, चना और सोयाबीन की फसल पर नैनो यूरिया के प्रभाव का पता लगाने की जिम्मेदारी मिली है। अन्य विश्वविद्यालय के विज्ञानी अलग अलग फसलों पर नैनो यूरिया के प्रभाव व दुष्प्रभाव का पता लगा रहे हैं।

यह शोध वर्ष 2025 में पूरा होगा और साइंटिफिक डेटा जनरेट किया जाएगा। यह डेटा स्टेट डिपार्टमेंट,इफिको और केंद्रीय कृषि मंत्रालय को भेजा जाएगा। जिसके बाद किसानों का नैनो यूरिया की उपयोगिता और उसके प्रभाव से अवगत कराते हुए उपयोग करने की सलाह दी जाएगी। असल में ईफिको ने नैनो यूरिया तैयार किया और उसे बाजार में लेकर आ चुका है। लेकिन किसान अभी नैनो यूरिया पर पूरी तरह से भरोसा नहीं जता पा रहे हैं जिसके




कारण उसकी उपयोगिता नहीं बढ़ी है। इसी को लेकर अब सरकार ने कृषि विज्ञानियों को नैनो यूरिया के विषय में पूरी पड़ताल करने की जिम्मेदारी दी है। जिससे किसानों को उसके लाभ के विषय में बताया जा सके।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह राष्ट्र व्यापी प्रकल्प है। जिसको लेकर अब भारत सरकार नैनो डीएपी जल्द लेकर आने वाला है। इसके साथ ही मालनपुर में नैनो यूरिया की एक यूनिट लगाने के लिए जगह भी एक कंपनी को आवंटित की गई है।

**इन यूनिवर्सिटी के विज्ञानी कर रहे शोध-**ग्वालियर की कृषि यूनिवर्सिटी सहित देश की आठ कृषि यूनिवर्सिटी के विज्ञानी फसलों पर नैनो यूरिया के प्रभाव का पता लगाने के लिए शोध कर रहे हैं।इस प्रोजेक्ट को तमिलनाडु एग्रीकल्चर कृषि यूनिवर्सिटी नेतृत्व कर रही है इसके अंतर्गत इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टिट्यूट नई दिल्ली में गेहूं और सरसों पर शोध हो रहा है, क्रीडा हैदराबाद यह मक्का और अरहर पर शोध, जीबी पंत यूनिवर्सिटी पंतनगर उत्तराखंड में धान व सरसों पर शोध।


बसंत राव नायक मराठबाड़ा परभणी महाराष्ट्र यंहा अरहर मक्का, गेहूं पर शोध होगा। इंस्टिट्यूट ओफ़ नैनो साइंस आफ टेक्नोलाजी मोहाली पंजाब में माइक्रो न्यूट्रीयंट्स में बायोलाजिकल, नाइट्रोजन फिक्सेशन, ग्रीनहाउस गैसेस का इम्यूनिशन आदि का पता किया जाएगा। जबकि ग्वालियर राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय सरसों चना और सोयाबीन पर शोध हो रहा है इसको ओवर ओल यूनिवर्सिटी के संपर्क में इफिको रहेगा।

# संभाग के कालेज संचालक और प्राचार्य को मिलेगी डिजी लाकर पंजीयन की जानकारी

ग्वालियर। उच्च शिक्षा विभाग छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए डिजिलाकर को अनिवार्य करने जा रहा है। यह कितना जरूरी है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र अब बिना डिजिलाकर पर दस्तावेज अपलोड किए न प्रवेश ले सकेंगे और न परीक्षा फार्म भर सकेंगे, यानी अब सबसे पहले छात्रों का पंजीयन एबीसी (अकादमिक) बैंक आफ क्रेडिट में किया जाना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं होता है तो छात्रों को इसका सीधा खामियाजा भुगतना होगा। इसके लिए जीवाजी विश्वविद्यालय एक विशेष बैठक का आयोजन छह फरवरी को करने जा रहा है। इसमें जेयू से संबद्धता प्राप्त अग्रणी कालेजों के प्राचार्य और संचालकों को शामिल होना होगा।जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा बुलाई गई बैठक में एबीसी में पंजीयन की पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी। यह भी बताया जाएगा कि किस प्रकार डिजिलाकर में छात्रों की मार्कशीट अपलोड की जानी है। बता दें कि इस बैठक में ग्वालियर चंबल संभाग के सभी अग्रणी कालेजों के प्राचार्य व संचालकों को शामिल होगे। यह बैठक छह फरवरी को दोपहर 12.30 बजे विश्वविद्यालय के टंडन सभागार में होगी।




# सौ में चालीस मुंह कैंसर के शिकार, गांव में बच्चेदानी का कैंसर ज्यादा



ग्वालियर. । लोगों में मुंह के कैंसर का खतरा बढ़ा है। यह खुलासा जयारोग्य चिकित्सालय के कैंसर अस्पताल की ओपीडी में इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों के परीक्षण से हुआ। कैंसर विशेषज्ञ डा. संजय चंदेल ने बताया कि 40 प्रतिशत लोगों में मुंह का कैंसर पाया जा रहा है। यानी हर 100 में से चालीस लोगों में मुंह के कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। डा. चंदेल ने बताया कि लोगों में बढ़ रहे मुंह के कैंसर का सबसे प्रमुख कारण सिगरेट, तंबाकू, पान, गुटखा और मसाला खाना है। जिसके कारण लोगों में मुंह का कैंसर हो रहा है।हर दूसरे या तीसरे दिन मुंह के कैंसर का एक मरीज आ रहा है। इसके साथ ही गांव में बच्चेदानी के कैंसर के मामले ज्यादा हैं। हालांकि बच्चेदानी के कैंसर का प्रतिशत 12 से 15 है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अब भी यह पैर पसारे हुए है। शहरी क्षेत्र में जागरूकता बढ़ने से बच्चेदानी के कैंसर में कमी आई है। डाक्टर बताते हैं कि लोगों के बदलते लाइफस्टाइल और खानपान के बदलने से और तंबाकू का सेवन करने से मुंह के कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं।

# ट्रेनें निरस्त होने से यात्री परेशान, छह फरवरी तक रहेगी दिक्कत



ग्वालियर । मथुरा स्टेशन पर चल रहे नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते रेलवे ने कई ट्रेनों को पांच फरवरी तक के लिए निरस्त किया है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भी गतिमान एक्सप्रेस, वंदे भारत सहित कई ट्रेनें रद रहने से यात्री परेशान होते नजर आए। फिलहाल अलग-अलग दिनों में ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे और यह परेशानी आगामी छह फरवरी तक बरकरार रहेगी। मथुरा स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों का परिचालन भविष्य में इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम के जरिए होगा। छह फरवरी तक होने वाले इस काम के चलते ट्रेन का आवागमन थमा रहेगा। इसके अलावा ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को झांसी से आने वाली तेलंगाना एक्सप्रेस 14ः27 घंटे, उत्कल एक्सप्रेस 13ः57 घंटे की देरी से आई। वहीं दिल्ली की ओर से आने वाली उत्कल एक्सप्रेस 3ः02 घंटे, जीटी एक्सप्रेस 1ः17 घंटे, तेलंगाना एक्सप्रेस 8ः36 घंटे की देरी से आई। वहीं झांसी की ओर से आने वाली झेलम एक्सप्रेस, गतिमान एक्सप्रेस, ताज एक्सप्रेस, बरौनी मेल, पातालकोट और दादर-अमृतसर एक्सप्रेस शनिवार को रद रहीं। दिल्ली की ओर से आने वाली पातालकोट एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, देहरादून-इंदौर एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, अंडमान एक्सप्रेस, एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस आदि ट्रेनें रद रहीं।

## गांव-कस्बों की खेल प्रतिभाओं को उभारने सरकार कटिबद्धः केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरस्थ गांव व कस्बों से भी खेल प्रतिभाएं उभरकर सामने आएं और वे विश्व पटल पर भारत का परचम लहराएं। इसी उद्देश्य से जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप ग्वालियर सहित संभाग के अन्य जिलों में इसी प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। सरकार खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए कटिबद्ध है। यह बात केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शनिवार को फूलबाग मैदान पर जिला स्तरीय सांसद (राज्यसभा) खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर अगले साल से यह प्रतियोगिता वार्षिक उत्सव की तर्ज पर आयोजित करें, जो सात दिन तक चले।जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 1478 खिला?ियों ने सहभागिता की। उद्घाटन समारोह के आरंभ में स्कूली बच्चों ने लाठीबाजी व तलवारबाजी का रोमांचक प्रदर्शन किया। भुवन स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बैंड की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विधायक मोहन सिंह राठौर, लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष इमरती देवी, बीज व फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, संत कृपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल व रामबरन सिंह गुर्जर, चैंपर आफ कामर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व नगर निगम परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरिपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

# बिस्किट की मिठास बना रही श्वानों को हिंसक, दोगुना ज्यादा हो जाते हैं खतरनाक



**ग्वालियर ।** गली-मोहल्लों में घूमने वाले आवारा श्वानों के हिंसक होने का सबसे बड़ा कारण भूख है। श्वान यदि भूखा है, तो वह चिढ़चिढ़ा होकर हिंसक हो जाता है। बहुत से लोग श्वानों को प्रेमवश भोजन भी देते हैं, जिसमें सबसे ज्यादा सामान्य भोजन बिस्किट और टोस्ट होता है। पशुप्रेमी प्रेमवश श्वानों को वे बिस्किट और टोस्ट ही डालते हैं, जो इंसानों के खाने के लिए होता है। इन्हें तैयार करने में शक्कर का उपयोग किया जाता है। शक्करयुक्त बिस्किट और टोस्ट 10 से 15 दिन लगातार खाने से श्वानों को खुजली और त्वचा की समस्या हो जाती है, जो उनकी चिढ़चिढ़ाहट को हमेशा के लिए बढ़ा देती है।

श्वान का यदि पेट भरा भी है, तो भी वह खुजली और त्वचा की समस्या के कारण चिढ़चिढ़ा हो जाता है और इंसानों के जरा से बदले हुए व्यवहार को देखकर हमला कर देता है। लोग श्वानों को यह भोजन तो देते हैं, लेकिन उम्रभर के लिए उसके द्वारा काटने की संभावना को जन्म दे देते हैं। खुजली के कारण श्वान खुद ही अपने शरीर के प्रभावित हिस्सों को काट-काटकर लहूलुहान कर लेता है। इस चिढ़चिढ़ाहट में वे इंसानों को भी काट लेते हैं।शहर के विभिन्न व्यवसायिक इलाकों जैसे सिटी सेंटर के बाजारों, गोविंदपुरी, लश्कर क्षेत्र में कई स्थानों पर लोग श्वानों को मीठे बिस्किट खिलाते हुए आसानी से नजर आते हैं। पशु चिकित्सकों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि सिर्फ मांसाहार खाकर ही कुत्ते हिंसक होते हैं, लेकिन उनके अनुपात में मीठे बिस्किट खिलाना बड़ी समस्या है। इससे त्वचा की समस्या होती है, जिससे श्वान दोगुना तक खतरनाक हो जाते हैं। वे यह भी सलाह देते हैं कि श्वानों को भोजन दें, लेकिन उन्हें बिस्किट या टोस्ट के बजाय घर में बनने वाली रोटी या ब्रेड डालें। पशु चिकित्सक यह भी सलाह देते हैं कि यदि श्वान का पेट भरा रहेगा, तो वह कभी किसी को नहीं काटेगा।

**लार में रैबीज बैक्टीरिया बढ़ते हैं, जो इंसानों के लिए खतरनाक-**श्वान आसानी से शक्कर को पचा नहीं पाते हैं। लंबे समय तक मीठे बिस्किट खाने से श्वान का शरीर विषाक्त होने के साथ ही उनकी लार में मौजूद रैबीज बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। इसके अलावा ऐसे श्वानों की लार भी गिरती रहती है। ऐसे श्वान अन्य श्वानों की तुलना में दोगुना ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऐसे श्वान जब इंसानों को काटते हैं, तो रैबीज होने का खतरा दोगुना तक बढ़ जाता है। इसके अलावा काटे गए हिस्से में संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में जरूरी है कि जिस कुत्ते की लार गिरती दिखे, उससे दूरी बना ली जाए।

# ग्वालियर में पुलिस गायब प्वाइंट पर मनचले

ग्वालियर । शहर में गुंडे और मनचले बेखौफ हैं..खुलेआम बेटियों के साथ दिल दहला देने वाले अपराध कर रहे हैं, क्योंकि इनमें खाकी का खौफ नहीं बचा है। जितने दुर्दांत यह अपराधी हैं, उतनी सख्ती इनके साथ अगर होती तो शायद भंवरपुरा कांड जैसी वारदात को करने से पहले सोचते..लेकिन ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि ग्वालियर पुलिस से अपराधी अब डरते नहीं हैं। घर से बाहर निकलते ही बेटियां असहज होने लगती हैं। हर जगह अनजान नजरें उन्हें घूरती रहती हैं। शहर के चौराहों, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास ऐसे मनचलों का जमावड़ा सुबह से रात तक लगा रहता है। खुलेआम नशोखोरी करते हैं, बेटियों और महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं, लेकिन पुलिस की नजर इन पर नहीं पड़ती। पुलिस का यही बेपरवाही रवैया गुंडों के हौसले बढ़ाता है। नईदुनिया टीम ने बेटियों के सुरक्षा के दावों की जमीनी हकीकत जानने ऐसे इलाकों में जाकर ग्राउंड रिपोर्ट की।लक्ष्मीबाई कालोनी (थाना पड़ाव)ः यहां 50 से ज्यादा कोचिंग हैं। सुबह से रात तक करीब 20 हजार छात्राएं यहां आती हैं। यहां से अक्षया यादव का पीछा हत्यारों ने किया था और बेटी बचाओ चौराहे पर उसकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। नईदुनिया टीम दोपहर करीब तीन बजे यहां पहुंची। पुलिस चौकी बंद थी, एक भी पुलिसकर्मी यहां मौजूद नहीं था। पड़ाव थाने की एफआरवी, निर्भया मोबाइल यहां नहीं थी। कालोनी में गुमटियों पर मनचले खड़े थे, सिगरेट का धुआं उड़ा रहे थे। मैदान में बाहरी युवक इकठ्ठे थे, झुंड बनाकर सड़क पर जगह-जगह युवक खड़े थे।

सिटी सेंटर (थाना यूनिवर्सिटी ): पटेल नगर और कैलाश विहार। यहां 100 से ज्यादा बड़े कोचिंग सेंटर हैं। दो स्कूल हैं, जिनमें मासूम छात्राओं से दसवीं कक्षा तक की छात्राएं पढ़ती हैं। यहां अवैध गुमटियों पर नशा बिक रहा है। मनचले इकट्ठे होते हैं। लेकिन पुलिस की एक गाड़ी यहां से नहीं गुजरती।



**राय सिंह का बाग (थाना माधौगंज):** राक्सी टाकीज से रायसिंह का बाग के अंदर कई कोचिंग सेंटर हैं। नईदुनिया टीम को शाम करीब चार बजे रहवासियों ने बताया- सुबह से शाम तक यहां आने वाले आवारा युवक परेशान करते हैं।

**केंद्रीयमंत्री सिंधिया ने कहा गुनाहगारों को सजा मिलेगी-**शहर की कानून व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से चर्चा की है। भंवरपुरा प्रकरण के तीन आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। सिर्फ इनकी गिरफ्तारी काफी नहीं है। ऐसे विकृत लोगों को न्यायपालिका से सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है न्यायपालिका अवश्य न्याय करेगी। ऐसी मानसिकता की कल्पना नहीं की जा सकती है। ऐसे तत्व समाज के भस्मासुर हैं। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। महापौर शोभा सिकरवार बोलीं कानून व्यवस्था ध्वस्त है शहर में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, गुंडे बदमाशों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। कोचिंग व शैक्षणिक संस्थानों के आसपास पुलिस नजर ही नहीं आती है। सिविल ड्रेस में ऐसी जगहों पर पुलिस तैनात होनी चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे।

शहर में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास पेट्रोलिंग और फालतू घूमने वालों पर कार्रवाई के लिए निर्देश पहले से दिए हैं। डीएसपी महिला सेल सहित सभी सीएसपी व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए जाएंगे, वह प्रभावी ढंग से पेट्रोलिंग करवाएं और इसकी मानीटरिंग करें। इसमें बिलकुल भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**-राजेश सिंह चंदेल , एसएसपी।**

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478